वर्ष : 17 अंक: 59 | आगरा | बुधवार 11 जून 2025 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 44 डिग्री
न्यूनतम 30 डिग्री

दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी पुलिस हिरासत में

कालकाजी में झुग्गियों को तोड़ने का विरोध करने पहुंची थीं, बोलीं- गरीबों की हाय लगेगी

नई दिल्ली,ए.।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को पूर्व सीएम आतिशी को हिरासत में ले लिया। वे कालकाजी के भूमिहीन कैंप में झुग्गियां को तोड़े जाने का विरोध कर रही थीं।

पूर्व सीएम ने कहा, बीजेपी इन झुग्गियां को तोड़ने वाली है। आज मुझे जेल लेकर जा रही है, क्योंकि मैं इन झुग्गी वालों की आवाज उठा रही हूं। बीजेपी, सीएम रेखा गुप्ता जी आप लोगों को झुग्गी वालों की हाय लगेगी। बीजेपी कभी वापस नहीं आएगी, इन गरीबों की हाय लगेगी।

AAP के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा, मात्र तीन महीनों में इन्होंने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। बीजेपी सरकार पूरी दिल्ली में गरीबों के आशियाने उजाड़ रही है, लोगों को बेघर कर रही है। जब आम आदमी पार्टी गरीबों के साथ खड़ी होती है और उनकी आवाज़ उठाती है, तो हमारे नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जाता है।

दिल्ली में अपार्टमेंट के सातवें फ्लोर पर आग लगी: दो बच्चों और पिता ने बालकनी से छलांग लगाई; तीनों की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित शबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल के एक फ्लैट में मंगलवार सुबह आग लग गई। फ्लैट के अंदर एक पिता अपने दो बच्चों (एक लड़का-एक लड़की) के साथ फंस गए थे। बचने के लिए 10 साल के दोनों बच्चों ने बालकनी से छलांग लगाई। उनके साथ उनके पिता यश यादव (35) ने भी छलांग लगा दी। तीनों को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि उन्हें सुबह 10:01 बजे इस घटना की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत आठ फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। दमकल कर्मियों ने बिना देर किए बचाव और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया था। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

मोदी सरकार के 11 साल सीएम योगी बोले-

नया भारत शांति की रट नहीं लगाता... ऑपरेशन सिंदूर से मुंहतोड़ जवाब देता है

लखनऊ,ए.।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष का कार्यकाल भारत वर्ष के स्वर्णिम काल के रूप में जाना जाएगा। इस कार्यकाल में पीएम मोदी ने भारत को वैश्विक पहचान दी है। कांग्रेस समेत अन्य अस्थिर सरकारों में आमजन का विश्वास टूट गया था। वैश्विक स्तर पर भारत की छवि तार-तार हो गई थी। पीएम मोदी के भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद से मुक्त नेतृत्व ने देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाकर अगले 25 वर्ष के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की है। इन 11 वर्षों ने सामाजिक और संस्कृतिक पक्ष के साथ ही सेवा, सुशासन के साथ आर्थिक मोर्चे पर देश को एक नई पहचान दी है।शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही शासन की नई पहचान बनी है। विकास केवल नारे नहीं हैं। इन वर्षों ने विरासत और विकास का समन्वय करते हुए हुए देश को दुनिया में नई पहचान दिलाई। अब चेहरा देख कर नहीं बल्कि जरूरत देख कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। मुख्यमंत्री योगी मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 11 साल में राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस को हमने देखा है। यह 11 साल का समय उस वक्त पूरा हो रहा है जब भारत की सामरिक शक्ति को पूरे विश्व ने देखा है। पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया में ट्रस्टेड भारत की सैन्य शक्ति मानी गई है। कोई हम पर युद्ध थोपेगा तो उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और आपरेशन सिंदूर से दिया जाएगा। अब भारत दुनिया में शांति की रट लगाने वाला देश नहीं है बल्कि युद्ध थोपने पर कड़ा जवाब देने वाला देश है।

देश को एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में प्रस्तुत किया गया

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत को एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में प्रदर्शित किया गया है। विकसित भारत के लिए पंच प्रण और 11 संकल्प बताए गए हैं। 11 साल में भारत ने विकसित भारत की आधारशिला पंच प्रण के आधार पर रखी है। समावेशी विकास शुरू किए गए हैं। ढांचागत विकास का मॉडल बनाया है। तकनीक के उपयोग के माध्यम से भ्रष्टाचार पर काबू पाया गया।

सामाजिक न्याय के साथ ही अर्थव्यवस्था को मजबूत किया

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में हर हाल में आरक्षण की सुरक्षा की गई है। सामाजिक न्याय को सुरक्षित किया गया है। पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने नए भारत का दर्शन किया। पिछले 11 वर्ष में भारत ने 11वीं से चौथी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव प्राप्त किया। हमने उस ब्रिटेन को पछाड़ा जो हम पर 200 साल तक राज कर चुका है। भारत ने अपनी प्रति व्यक्ति आय को 11 साल में दोगुना किया है। भारत का निर्यात कई गुना बढ़ा है। भारत की विकास दर जिस तरह बढ़ रही है उससे 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लापरवाही का नतीजा: ममता

विधानसभा में पूछा- हमले वाली जगह पर सिक्योरिटी क्यों नहीं थी; कहा- मोदी सरकार इस्तीफा दे

कोलकाता,ए.।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को सशस्त्र बलों की प्रशंसा करने वाला प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान ष्टरू ममता ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। ममता ने कहा- पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लापरवाही का नतीजा था। ममता ने पूछा- आतंकी हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे। ममता ने कहा कि भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं।

ममता ने विधानसभा में यह भी कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को वापस लेने का एक अच्छा मौका था। ममता ने आरोप लगाया कि जब-जब चुनाव नजदीक आते हैं, तब-तब भाजपा पुलवामा जैसी घटनाएं करवाती है। हालांकि इन सबके बावजूद, राष्ट्र की सुरक्षा में सशस्त्र बलों के साहस की सराहना करते हुए प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे बिना किसी विरोध के पारित कर दिया गया।

बनास-नदी में डूबने से जयपुर के 8 युवकों की मौत

पिकनिक मनाने गए थे, एक-दूसरे को बचाने में डूब गए

टोंक,ए.।

टोंक की बनास नदी में डूबने से 8 लोगों की मौत हो गई है। तीन युवकों को बचा लिया गया। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचा था। मरने वाले सभी लोग जयपुर के रहने वाले थे। ये पिकनिक मनाने गए थे। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि हादसा आज (मंगलवार) दोपहर सदर थाना क्षेत्र के कच्चा बांध, पुराना बनास पुलिया पर हुआ। 11 युवक नदी में डूबे थे, 8 की मौत हो गई और तीन को स्थानीय लोगों ने बचा लिया है। जयपुर पुलिस से कॉन्टैक्ट किया गया है। एसपी ने बताया कि ये सभी दोस्त थे। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि इनमें से कुछ युवक नहाने के लिए नदी में उतरे थे और डूबने लगे। इन्हें बचाने के लिए बाकी दोस्त भी नदी में उतर गए और वे हादसे का शिकार हो गए।

देश में 6800 कोरोना केस, 68 मौत: 24 घंटे में 300 से ज्यादा मामले बढ़े

ग्वालियर में 3 डॉक्टर पॉजिटिव, हेल्थ डिपार्टमेंट अलर्ट पर

नई दिल्ली/ मुंबई/ बेंगलुरु/तिरुवनंतपुरम

देश में कोरोनावायरस के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 6815 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 324 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2053 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट्स से 12 राज्यों में 68 मरीजों की मौत हुई हैं। सोमवार को केरल, दिल्ली और झारखंड में 1-1 मरीज ने जान गंवाई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मौतें हुई हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सोमवार को 3 डॉक्टर समेत 6 नए केस सामने आए। इसके बाद से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। MP में फिलहाल 43 एक्टिव केस हैं। कोरोना के बढ़ते मामले के बीच पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों से बैठक की। ममता ने कहा- उम्मीद है कि महामारी दोबारा न लौटे, लेकिन हमें तैयार रहना होगा। राज्य के सरकारी अस्पतालों में इलाज की पूरी व्यवस्था है, ऐसे में लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

प्रदेश की 20 हजार 600 सुदूर बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने 21 हजार 630 करोड़

मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत 30 हजार 900 किलोमीटर सड़क का होगा निर्माण

प्रदेश के बाहर से आयातित तुअर पर मंडी फीस से पूर्णतः छूट दिए जाने का निर्णय

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत प्रदेश के सुदूर बसाहटों मजरा/टोला/धोनी/पुरा इत्यादि को बारहमासी सम्पर्कता प्रदान करने 21 हजार 630 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार योजना का क्रियान्वयन 2 चरणों में किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक पहले चरण एवं वित्तीय वर्ष 2030-31 से 2034-35 तक दूसरे चरण में कुल अनुमानित 30 हजार 900 कि.मी. मार्ग का निर्माण होगा। योजना का क्रियान्वयन राज्य मद से किया जायेगा।

योजना के संबंध में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की साधिकार समिति को निर्णय लिये जाने के लिए अधिकृत किया गया है। स्वीकृति अनुसार न्यूनतम 20 आवास और 100 से अधिक जनसंख्या वाले 6 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले ऐसे क्षेत्र, जिसके 50 मीटर की दूरी में पूर्व से बारहमासी सड़क न हो, को बसाहट के अंतर्गत लिया जायेगा। इसके लिए बसाहट की जनसंख्या के घटते क्रम में विधानसभा क्षेत्रवार प्राथमिकता सूची तैयार की जायेगी। सांसद, क्षेत्रीय विधायक और जिला पंचायत सदस्यों के परामर्श पर ग्रामीणजनों की स्थानीय आवश्यकता जैसे - सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के आधार पर बसाहटों की प्राथमिकता में कलेक्टर द्वारा लिपिबद्ध कारणों से सूची में परिवर्तन किया जा सकेगा। अंतिम प्राथमिकता सूची का राज्य स्तर पर प्रकाशन किया जायेगा।

योजना अंतर्गत 20 हजार 600 बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए लगभग 30 हजार 900 किलोमीटर मार्ग का निर्माण किया जायेगा।

सेना को नया एयर डिफेंस सिस्टम QRSAM मिलेगा: इसकी खासियत मूविंग टारगेट तबाह करना

DRDO से 30 हजार करोड़ में 3 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी

नई दिल्ली। भारतीय सेना को जल्द ही नया एयर डिफेंस सिस्टम मिल सकता है। डिफेंस के अधिकारियों के मुताबिक- रक्षा मंत्रालय चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनाती के लिए क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम (QRSAM) की तीन रेजिमेंट खरीदने को लेकर विचार कर रहा है। ये डील ?30 हजार करोड़ की होगी। QRSAM दिन और रात दोनों समय कारगर है, इसकी सफल टेस्टिंग भी की जा चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक, इस डिफेंस सिस्टम को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (DRDO) ने तैयार किया है। ये एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। QRSAM सिस्टम में मूविंग टारगेट खोजने, ट्रैक करने और कम समय में फायर करने की कैपेसिटी है। लगभग 30 KM की रेंज के साथ QRSAM मीडियम से कम डिस्टेंस में मीडियम रेज सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम (MRSAM) और आकाश जैसी मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम को सपोर्ट करेगी।

हरियाणा में मुआवजा नहीं मिलने पर हाईवे पर कब्जा: ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े कर दीवार बनाने लगे

पुलिस उठा ले गई; किसान समेत 5 पर FIR

कुरुक्षेत्र,ए.।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में मंगलवार सुबह कुछ लोगों ने पिहोवा में स्टेट हाईवे नंबर 6 पर कब्जा कर लिया। उन्होंने बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्रॉली अड़ाकर दीवार बनानी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन कब्जा करने वाले नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद हाईवे पर रखी ईंटें उठाई गईं और ट्रैफिक चालू कराया गया। किसान का आरोप है कि PWD ने सन 1987 में उसकी जमीन पर सड़क बना दी। मैं 3 बार कोर्ट से केस जीत चुका हूं। अभी तक मुझे इसका मुआवजा नहीं मिला है। इसलिए परेशान होकर कब्जा करने का फैसला लेना पड़ा। पिहोवा सिटी थाना के SHO जानपाल सिंह ने बताया कि FIR में किसान बलविंद्र सिंह के साथ नरेंद्र सिंह, विपिन सिंह, अमृतपाल सिंह, दलजीत सिंह को नामजद किया गया है। PWD के SDO सुरेंद्र कुमार ने शिकायत दी थी। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। 22 मरले जमीन पर बनी सड़क- अमृतसरी फार्म के रहने वाले किसान बलविंद्र सिंह ने बताया कि मेरी 22 मरले जमीन पर PWD ने बिना मुआवजा दिए सड़क बना दी। 2006 में मैंने सिविल कोर्ट में केस दायर किया। 2013 में पिहोवा कोर्ट ने आदेश दिया कि 6 महीने में या तो किसान को मुआवजा दें या फिर सड़क को हटा लें।

2018 में कोर्ट ने कब्जा दिलवाया- बलविंद्र ने आगे बताया कि सरकार द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर हमने कोर्ट में एक्जीक्यूशन फाइल की। सरकार की आपत्तियां खारिज होने के बाद 2018 में कोर्ट ने कब्जा दिलवाया। इसके बाद सरकार हाईकोर्ट चली गई, जहां भी उनकी याचिका खारिज हो गई। 2023 में भी सड़क पर ईंटें लगाईं- किसान ने कहा कि 2023 में मैंने सड़क पर कब्जा लेने की कोशिश की। तब SDM ने कहा कि 2-4 दिन में मुआवजे का पैसा दे देंगे। उनके आश्वासन पर सड़क से ईंटें हटाईं। फिर भी मुआवजा देने के बजाय वे कोर्ट में चले गए। वहां से भी PWD को राहत नहीं मिली। किसान बोला- कब्जा नहीं छोड़ेंगे- बलविंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे अपने साथियों के साथ डंपिंग जोन के पास सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर दीवार खड़ी कर दी। देखते ही देखते दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।

ईंट भट्टे पर मजदूर की मौतः पानी के टैंक में मिला 42 वर्षीय मजदूर का शव, टैंक में गिरने से मौत की आशंका

थाना बसई अरेला क्षेत्र के लडउआपुरा के ईट भट्टे का मामला, पुलिस और फॉरेंसिक टीम जुटी जांच में

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। जनपद के थाना बसई अरेला क्षेत्र स्थित लडुआपुरा महादेव भट्ठा पर एक मजदूर का शव पानी के टैंक में मिला। मृतक भट्टे पर मजदूरी का काम करता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मजदूर की मौत टैंक में गिरने से हुई हो सकती है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए।प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना बसई अरेला क्षेत्र के लडुआपुरा स्थित महादेव ब्रिक्स फील्ड पर एक पानी का टैंक बना हुआ है, मंगलवार सुबह ईंट भट्ठा के मालिक ने वहां पर बने पानी के टैंक में मजदूर का शव मिलने की सूचना दी। मृतक मजदूर रामपाल पुत्र राजा भैया मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला के गांव भमोरी का रहने वाला है, जिसकी उम्र 42 वर्ष है, पिछले कई महीनों से ईंट भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल टैंक में गिरकर मजदूर की मौत की आशंका जताई जा रही है।

शराब के नशे में गिरने की आशंका

प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि मृतक युवक नशे की हालत में अनियंत्रित होकर हौद में गिरा होगा। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी एंगल से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण की पुष्टि हो सकेगी।

स्थानीय लोगों में फैली सनसनी

भट्ठे पर कार्यरत अन्य मजदूरों ने युवक को आखिरी बार रात में देखा था। सुबह जब वह नजर नहीं आया तो खोजबीन शुरू हुई, जिसके बाद हौद में उसका शव तैरता मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी मौके पर एकत्र हो गए।

पुलिस जुटी है जांच में

थाना बसई अरेला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों को सूचना दी है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान, सामाजिक पृष्ठभूमि और घटनाक्रम से जुड़ी हर कड़ी को खंगाला जा रहा है।

एक महीने बाद साइबर फ्रॉड की रकम वापस दिलाई

ठगों ने खाते से उड़ा लिए थे 42 हजार रुपए, बैंककर्मी बनकर किया था फोन

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। साइबर सेल पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा बैंक खाते से निकाली गई रकम को वापस कराया है। ठगों ने बल्केश्वर निवासी को बैंक कर्मी बनकर फोन किया था। उनको एप अपडेट कराने के नाम पर रिमोट एप डाउनलोड करवा दिया था। इसके बाद खाते से रकम ट्रांसफर कर ली थी। साइबर थाना पुलिस ने बताया कि 26 अप्रैल को कृष्णा भारद्वाज के फोन पर काल आई थी। कॉल करने वाले ने अपने को बैंक कर्मी बताया। उसने कहाकि एप को अपग्रेड करना है। इसके लिए एक लिंक भेजा। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, उनके खाते से रकम ट्रांसफर होने लगी। ठगों ने 42 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर थाने में की। इसके बाद साइबर पुलिस ने बैंक से संपर्क किया। जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई थी, उसे फ्रीज कराया। इसके बाद खाते को निरस्त कराकर रिकवरी की। एक माह बाद पीड़ित के खाते में रकम वापस आ गई।

अंजान लिंक पर न करें क्लिक

साइबर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी कंपनी बैंक के कस्टमर केयर नंबर उसकी आफिशियल वेबसाइट से प्राप्त करने और कंफर्म करने के बाद ही कॉल करें। किसी भी अंजान मोबाइल नंबर से आने वाले कॉल पर क्रेडिट कार्ड या निजी जानकारी साझा न करें। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें। इससे मुश्किल हो सकती है।

यातायात पुलिस ने चलाया अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सयुक्त अभियानः सड़क सुरक्षा की दिशा में उठाए प्रभावी कदम

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। 09 जून सोमवार को पुलिस आयुक्त आगरा दीपक कुमार एवं अपर पुलिस आयुक्त आगरा रामबदन सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तथा पुलिस उपायुक्त यातायात आगरा अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में आगरा महानगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध एक विशेष अभियान संचालित किया गया 7 दिनांक 09 जून 2025 को पुलिस उपायुक्त यातायात कमिश्नरेट आगरा अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में आगरा शहर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत मुख्य बाजार क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाकर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करना एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम करना था। अभियान के दौरान नागरिकों को यातायात नियमों के पालन तथा अतिक्रमण के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में यातायात पुलिस तथा स्थानीय पुलिस बल की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लेते हुए समन्वित प्रयास किए और अभियान को सफल बनाया। पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें अतिक्रमण से बचें और एक सुरक्षित एवं व्यवस्थित शहर निर्माण में सहयोग करें। इस सघन चेकिंग अभियान में यातायात पुलिस से टीआई दुष्यंत राणा, टीआई प्रवीन कुमार शर्मा, टीआई संजीव कुमार गौतम, टीआई सुखदेव सिंह, टीएसआई सुरेंद्र सिंह यादव, टीएसआई रामनिवास, हेड कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन सिंह, कांस्टेबल मोहित राजपूत, कांस्टेबल राम ऋषि एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका तथा अन्य टीमें मौजूद रहीं। इसके अतिरिक्त स्थानीय पुलिस से थाना न्यू आगरा प्रभारी निरीक्षक राजीव त्यागी थाना हरिपर्वत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार त्रिपाठी, थाना सिकंदरा नीरज कुमार शर्मा, थाना लोहामंडी रोहित कुमार, थाना शाहगंज बिरेश पाल गिरि, थाना सदर प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह, मय फोर्स एवं समस्त चौकी प्रभारी तथा अन्य टीम मौजूद रही।

बसों से डीजल चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा : कार छोड़कर भागे चोर, फर्जी नंबर प्लेट और डीजल से भरी केन मिली

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। आगरा के थाना कागारोल क्षेत्र में डीजल चोरी का एक मामला सामने आया है। कस्बे में रात 12 बजे के समय खड़ी बसों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य मौके से फरार हो गए। घटना उस समय की है जब एक मोटर मालिक शिवकुमार गर्ग उर्फ रिंकू रात में किसी रिश्तेदार की शादी से लौट रहे थे। उन्होंने देखा कि तीन लोग पाइप की मदद से बस से डीजल निकाल रहे थे। जब उन्होंने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया, तो वे अपनी कार छोड़कर भाग गए। हालांकि, एक चोर की पहचान हो गई है।जिसकी पहचान गढ़मुक्खा निवासी सौरव चाहर के रूप में हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों की छोड़ी गई कार को जब्त कर लिया। जिन्होंने चोरी में लिप्त ग्रांड आई टेन कार जिसका नम्बर UP80ES1572 और उसके अंदर रखी दो फर्जी नम्बर प्लेट, जिनका नम्बर P80EF1527, P80EF1527 डीजल निकालने वाला पाइप सहित सामान ओर 4 डीजल से भरी केन बरामद की कार की तलाशी में पुलिस को डीजल निकालने का पाइप, डीजल से भरी चार केन और दो फर्जी नंबर प्लेट मिली। शिवकुमार ने अन्य लोगों के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई बार डीजल चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

व्यापार मण्डल द्वारा कर्मठ पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष अनुज भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित कर्मठ एवं जांबाज पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो के स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि एस पी सिटी रविशंकर प्रसाद एवं सी ओ सिटी अरूण कुमार चौरसिया थाना उत्तर प्रभारी इंस्पेक्टर संजुल पाण्डेय प्रभारी रसूलपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार प्रभारी रामगढ़ इंस्पेक्टर संजीव कुमार दुबे इंस्पेक्टर राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी लाइनपार प्रभारी दक्षिण इंस्पेक्टर योगेन्द्र पाल सिंह एवं चौकी इंचार्ज नालबंद ओमकार सिंह का स्वागत किया गया जिलाध्यक्ष अनिल मैनेजर ने सभा को संबोधित कर सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में अच्छे कार्यक्रम करते रहने का बड़ा किया महानगर अध्यक्ष अनुज भारद्वाज ने कहा महानगर में सभी ऐसे लोगों की दायित्व दिया जाएगा जिनकी बेदाग छवि है व्यापार मंडल की आड में कोई गलत काम नहीं करेगा खाद्य विभाग के द्वारा कई व्यापारियों के उत्पीड़न की खबर आ रही है अगर उन्होंने अपने रवैये में सुधार नहीं किया तो अति शीघ्र आंदोलन किया जाएगा महामंत्री एवं एम पी सुपर फास्ट रोडलाइंस के संचालक पंडित अखिलेश शर्मा ने कहा अच्छे और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का सम्मान होना चाहिए और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाप हमेशा हमारी टीम ने मोर्चा खोलकर विरोध कर उन्हें अपदस्थ कराने का काम किया इस समय अपराधी अधिकतर जेल में है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरव दीक्षित ने दिखा दिया कि पुलिस क्या कर सकती है इस समय सभी घटनाओं का विधिवत अनावरण हो रहा है और व्यापारी पूर्णतः सुरक्षित है मुख्य अतिथि एस पी सिटी रविशंकर प्रसाद ने कहा हमरा उद्देश्य है कि कोई भी व्यापारी बाजार आए और अपना व्यापार करने के उपरांत सुरक्षित घर पहुंचे अगर कोई दबंग व्यक्ति आपसे गुंडा टेक्स मांगने की बात करता है तो आप गुप्त रूप से मुझे अवगत कराए उसका उचित इलाज कर दिया जाएगा सी ओ सिटी अरूण कुमार चौरसिया ने कहा भयमुक्त एवं अपराध मुक्त व्यवस्था कायम रखना हमारी प्राथमिकता है और उसे हम कायम रखेंगे कार्यक्रम में दिनेश वशिष्ठ दिलीप मिश्रा बब्बू पंडित अनुराग रावत मनोज कुशवाहा रंजीत शर्मा अनमोल जैन बुंदा बाबू कुरैशी इरशाद भाई नासिर भाई शमशाद भाई आसिफ भाई राशिद भाई अशलम भाई हिमांशु शर्मा नदीम राईन सुनील है सचिन पचौरी सहित सैकड़ों व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

पकड़ा गया लॉरेंस गैंग का शूटरः एक लाख रुपए व आईफोन के लिए गैंग से जुड़ा, दोस्त ने ऑनलाइन लॉरेंस के साथी से कराई थी बात

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। आगरा के कस्बा बाह में रहने वाला युवक के तार लॉरेंस गैंग से जुड़े निकले हैं। उसने राजस्थान में एक व्यापारी पर फायरिंग की थी। राजस्थान पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार करके अपने साथ ले गई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के नोएडा में रहने वाले दोस्त ने लॉरेंस गैंग से उसका संपर्क कराया था। एक लाख रुपए और आईफोन के लिए उसने कारोबारी पर फायरिंग की थी। राजस्थान के गंगानगर में कारोबारी पर दो युवकों ने फायरिंग की थी। इस मामले में राजस्थान पुलिस ने एक हमलावर को गिरफ्तार किया था। उसने पूछताछ में बताया था कि उसके साथ आगरा के बाह का रहने वाला युवक था। राजस्थान पुलिस ने आगरा पुलिस से युवक के बारे में जानकारी मांगी थी। इसके लिए डौकी और बाह पुलिस युवक के बारे में जानकारी जुटा रही थीं। पुलिस को पता चला कि बाह का रहने वाला युवक प्रदीप शर्मा उर्फ छोटू उर्फ गोलू पंडित , जिसने फायरिंग की थी। पुलिस ने बताया कि युवक का एक दोस्त नोएडा में रहता है। उसके माध्यम से ही प्रदीप की की लॉरेंस गैंग से मुलाकात हुई। ऑनलाइन से उसकी बातचीत हुई। उससे कहा गया कि राजस्थान में पफायरिंग करनी है। इसके लिए उसको एक लाख रुपए और आईफोन मिलेगा। उसको लाने ले जाने अऔर पकड़े जाने पर छुड़वाने की जिम्मेदारी उनकी रहेगी। लॉरेंस के साथी ने उसे फर्जी आधार कार्ड, पिस्टल, कारतूस आदि मुहैया कराए थे। प्रदीप गंगानगर के होटल में ठहरा था। यहां पर एक और शूटर आया था। दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल ले लिए। इसके बाद फायरिंग कर प्रदीप वापस आ गया। उसे एक लाख रुपए दिए गए थे। डीसीपी पूर्वी जोन अली अब्बास ने बताया कि शूटर की गिरफ्तारी हुई है। उसे राजस्थान पुलिस अपने साथ ले गई है। आगरा में पहले भी पकड़े जा चुके हैं लॉरेंस के शूटर वहीं पूर्व में भी आगरा के बाह से लॉरेंस गैंग के शूटर पकड़े जा चुके हैं।

अन्य पिछडे वर्ग के पात्र व्यक्ति शादी अनुदान योजनान्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रोहित कुमार ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश दिये गये हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये लाभार्थी बैंक खाते में विभाग द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से प्रेषित की जाती है। उन्होंने नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पासबुक (जिसमें पूर्ण विवरण हों), शादी का कार्ड होना आवश्यक है। आवेदक की आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख रूपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों की वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है किन्तु उक्त अबधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के जातियों की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित जातियों एवं वर्ग के आवेदक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अनुदान के लिए पात्र नहीं हैं। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान अनुमन्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई भी मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणीत नहीं की जाएगी। शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशा-निर्देश बेबसाइट Shadianudan.upsdc.gov.in पर प्रदर्शित है। अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

हिन्दू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष प्रथम सिंघल का निधनः हिन्दू महासभा ने बताया- हिन्दुत्व की अपूर्णीय क्षति

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा/नई दिल्ली। अखिल भारत हिन्दू महासभा की युवा इकाई हिन्दू युवक सभा राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष प्रथम सिंघल का आकस्मिक निधन होने से हिन्दू जगत स्तब्ध है। विश्वास ही नहीं हो रहा है कि हिन्दू राजनीति को दिशा और दशा दे रहा जोधपुर निवासी प्रथम सिंघल अब इस दुनिया में नहीं रहे। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम सिंघल का निधन हिन्दू महासभा, हिन्दुत्व और हिन्दू राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति है। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि प्रथम सिंघल के आकस्मिक निधन पर हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।नई दिल्ली में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने प्रथम सिंघल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गत वर्ष जोधपुर प्रवास के दौरान प्रथम सिंघल को हिन्दू युवक सभा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया था। उन्होंने प्रदेश कार्यालय खोलकर राजस्थान के युवकों को हिन्दू महासभा से जोड़ने और हिन्दू राष्ट्र निर्माण अभियान को जन जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका असमय ही हम सबको छोड़कर जाना हृदय विदारक है। उनका निधन हिन्दू महासभा के लिये ही नहीं, वरन वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री कलम के सिपाही ललित अग्रवाल ने जोधपुर में अपने शोक संदेश में कहा कि प्रथम सिंघल एक क्रांतिकारी हिन्दू योद्धा था। उनके निधन से युवा पीढ़ी का बड़ा नुकसान हुआ है। युवा पीढ़ी का प्रथम सिंघल के अधूरे मिशन को पूरा करने का संकल्प लेना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि हो सकती है। जोधपुर से ही राष्ट्रीय मंत्री चंद्रभान शर्मा ने अपनी श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि प्रथम सिंघल ने अपना पूरा जीवन हिंदुत्व और हिन्दू राष्ट्र निर्माण अभियान में समर्पित कर दिया था। उनका यह छोटा सा जीवन युवा पीढ़ी को लंबे समय तक प्रेरित करता रहेगा। हिन्दू पत्रकार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राकेश वशिष्ठ ने भी प्रथम सिंघल के निधन को राजस्थान प्रदेश की हिन्दू राजनीति के लिए दुखद बताते हुए ईश्वर से मृतात्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। हिन्दू महासभा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष स्वामी फतेहगिरी जी महाराज ने अपने आश्रम में आयोजित शोक सभा में कहा कि प्रथम सिंघल बहुत ही होनहार और ऊर्जावान कार्यकर्ता था। उसने हमेशा युवा वर्ग को जाति, भाषा, प्रांत और पंथ के बंधनों से मुक्त होकर हिन्दू राष्ट्र निर्माण अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उनका निधन हम सभी के लिए असहनीय है। जयपुर में हिन्दू महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र कुमार शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रथम सिंघल ने बहुत ही कम आयु में समाज और हिन्दू राजनीति में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया था। उनका निधन दुखद और असहनीय है। इश्वर हम सभी को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। जयपुर में ही हिन्दू युवक सभा के राष्ट्रीय संयोजक विजय नंदन पांडे ने प्रथम सिंघल के जीवन को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक बताया और युवा पीढ़ी से उनके अधूरे मिशन को पूरा करने का आह्वान किया। हिन्दू महासभा श्री गंगानगर जिला अध्यक्ष उग्रसेन ने जनपद में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर प्रथम सिंघल को नम आंखों से याद किया।

ईश्वर के प्रति समर्पण भाव से ही मिलते हैं प्रभुः अरुण पचौरी

हाथरस। नगर के मोहल्ला बगिया बारहसैनी सिकंदराराऊ अनल कॉलोनी स्थित यशोदा भवन पर शिव विवाह का आयोजन किया गया। बालाजी जागरण मंडल द्वारा विधि विधान के अनुसार शिव विवाह की प्रस्तुति की गई। भक्ति में लीन होकर श्रद्धालु भगवान शंकर की बारात में जमकर नाचे। कथा वाचक पंडित अरुण पचौरी ने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग का वर्णन किया। विवाह प्रसंग को सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस दौरान शिव पार्वती विवाह की भव्य झांकी का चरित्र चित्रण किया गया। यह झांकी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही, विवाह प्रसंग के दौरान शिव पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाये। देवाधिदेव शिव एवं माता पार्वती के इस विवाह में श्रद्धालु झूमकर विवाह गीत गाने लगे। मुख्य यजमान रश्मि पाठक एवं उत्कर्ष वर्ती पाठक द्वारा भगवान शंकर एवं मां पार्वती की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर चक्रवर्ती पाठक, यशवर्ती पाठक, राकेश कुमार गौड़, विनय चतुर्वेदी , तरुण चतुर्वेदी, नरेश चतुर्वेदी, उत्कर्षवर्ती पाठक, निखिलवर्ती पाठक , अनुपम दीक्षित, अनंत देव चतुर्वेदी ,वैभव शर्मा, आर्यन ठाकुर, विशाल सिंह ,हर्षित चतुर्वेदी, विशाल पचौरी, सिद्धार्थ चतुर्वेदी, रश्मि पाठक, रेखा पाठक, रजनी पाठक, अरुण शर्मा, लवली चतुर्वेदी, मोनिका चतुर्वेदी, श्रुति उपाध्याय, पूनम दीक्षित ,ममता दीक्षित, रुचि शर्मा, मानसी पाठक , तान्या पाठक आदि मौजूद थे।

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की 12 जून को

अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में 12 जून को सांय 04 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के के अन्तर्गत शहरी स्वास्थ्य मिशन की शासी निकाय की बैठक आहुत की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि समस्त सूचनाओं से बैठक में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत 27 जून तक करें आवेदन

पात्र साहित्यकारों को चिकित्सा सुविधा के लिए प्रदान किए जाएंगे 50 हजार रूपये

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा वर्ष 2025-26 में साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत विषम आर्थिक स्थितिग्रस्त ऐसे साहित्यकार जिनकी समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 05 लाख रूपये तक हो और जिन्होंने 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो को अधिकतम 50 हजार रूपये तक अनावर्तक चिकित्सा के लिए प्रदान किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र, चिकित्सक का प्रमाण पत्र एवं दो साहित्यकारों की संस्तुतियां संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पात्र साहित्यकार अपना प्रस्ताव 27 जून तक सीधे निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन हिन्दी भवन, 6 महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ को प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट www.uphindisansthan.in पर भी उपलब्ध है।

जिला मजिस्ट्रेट ने 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक फाई, फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने एवं विक्रय पर लगाया प्रतिबंध

15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में शिकारमाही प्रतिबंधित

अलीगढ़। जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा उत्तर प्रदेश मत्स्य नियमावली के अन्तर्गत 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक की अवधि में नदियों, नहरों और प्राकृतिक जलीय संसाधनो से फ्राई, फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने, बेचने और 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में शिकारमाही को प्रतिबंधित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि नदियों में मत्स्य आखेट के लिए पट्टा या ठेका का अधिकार दिए जाने संबंधी शासनादेश में भी 01 जून से 31 अगस्त तक नदियों में मत्स्य आखेट को प्रतिबंध किए जाने का प्राविधान किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी एसडीएम, बीडीओ, सहायक निदेशक मत्स्य, अधीक्षण अभियंता सिंचाई एवं पुलिस विभाग को उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

संघ के आदर्श है वीर शिवाजी :आशीष सेंगर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुरसान खंड में मनाया गया हिन्दू सम्राज्य दिवस

हाथरस। वीर शिवाजी ने धर्म की रक्षा ,हिन्दू समाज का संरक्षण एवँ हिन्दू राज्य की स्थापना की । शिवाजी की दूरदर्शी नीतियों से हिंदू साम्राज्य की नींव रखी गई । संघ वीर छत्रपति शिवाजी को अपना आदर्श मनाता है । उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख आशीष सेंगर ने कही। मुरसान खंड के जेपी डिग्री कॉलेज में आयोजित हिन्दू साम्राज्य दिवस का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवँ पुष्पार्चन कर किया गया। मुख्य वक्ता जिला प्रचार प्रमुख आशीष सेंगर ने कहा कि सन 1674 में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को हिन्दू पदपादशाही की स्थापना हुई और वीर छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ। इसी दिवस को संघ हिन्दू सम्राज्य दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज बचपन से ही स्वाभमानी एवं राष्टभक्त थे। वह वीर थे उन्होने कभी झुकना नही सीखा। गोरिल्ला युद्वनीति के उन्नायक शिवाजी महाराज ने क्रूर शासकों से लोहा लेकर मुगलों को धूल चटाने का कार्य किया और सूझबूझ से अनेकों किलों को जीता।शिवाजी ने अपने धर्म की रक्षा की एवँ हिन्दू समाज को संरक्षित करने का कार्य किया। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन हमें अधर्म एवँ राष्ट विरोधियों के खिलाफ लड़ने के लिये ऊर्जा प्रदान कर निरन्तर देश एवँ समाज की सेवा के लिये प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामशंकर ने की तथा संचालन सह खंड कार्यवाह त्रिलोकी शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख पवन शर्मा ,खंड संचालक गुलाब सिंह ,नगर सह संघचालक डॉ सुनील विश्वास , जिला मुख्य मार्ग प्रमुख पवन पाठक, सह खण्ड कार्यवाह जितेंद्र ,खंड व्यवस्था प्रमुख ललित , कोटा नगर कार्यवाह नीरज पौरुष,खंड संपर्क प्रमुख नीरज , रबी ,सुरेश चौहान , वेद प्रकाश आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

दलितों की दबंगई से आम जनमानस में भारी आक्रोशः कब्जे की नीयत से हिन्दू मंदिर पर लगाया बौद्ध विहार का बोर्ड



सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। आगरा के थाना न्यू आगरा क्षेत्र में दलितों की दबंगई का एक अत्यंत संवेदनहीन मामला प्रकाश में आया है। संबंधित थाना न्यू आगरा क्षेत्र के मऊ रोड़ स्थित सिद्धार्थ एन्क्लेव में प्राचीन काल से स्थापित पथवारी माता के सार्वजनिक मंदिर पर दलितों द्वारा बौद्ध विहार का बोर्ड लगाए जाने से आम जनमानस में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह मंदिर प्राचीन काल से स्थानीय जनता की श्रद्धा और आस्था का पवित्र केंद्र रहा है, जिसे पथवारी माता मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर में स्थानीय जनता लम्बे समय से पूजा अर्चना करते हुए अपनी अपनी मन्नतें मांगती रही है। बीते बुधवार को दलित समाज के अराजक तत्वों द्वारा मंदिर परिसर में अवैद्य निर्माण के जरिए मंदिर पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था, जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया था, किंतु स्थानीय पुलिस की सकारात्मक पहल से ऐसा नहीं हो सका। दलित समाज के अराजक तत्वों ने मंदिर के मेन गेट पर बौद्ध विहार का बोर्ड लगा दिया है, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना प्रबल बनीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलित समाज के एक वर्ग द्वारा मंदिर को अपनी व्यक्तिगत प्रॉपर्टी होने का दावा किया जा रहा है। जबकि दलित समाज के पास मंदिर की जमीन से संबंधित किसी प्रकार के दस्तावेज मौजूद नहीं है। बावजूद इसके मंदिर को अपनी निजी संपत्ति होने का दावा किया जा रहा है और मंदिर के मैन गेट पर बौद्ध विहार का बोर्ड लगा दिया है। जिसके चलते आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। मंदिर के सेवादारों ने स्थानीय पुलिस को संपूर्ण प्रकरण की जानकारी दी और हस्तक्षेप कर मंदिर को कब्जा मुक्त कराने की अपील की है। मंदिर के सेवादारों द्वारा दी गई सूचना पर दयालबाग चौकी प्रभारी जागेश्वर सिंह मय फोर्स के तत्काल मौके पर पहुंचे और अवैद्य निर्माण को रुकवा दिया। अवैद्य निर्माण करवा रहे असामाजिक तत्वों ने मंदिर की जमीन अपनी व्यक्तिगत संपत्ति होने का दावा किया तो पुलिस ने उनसे जमीन से संबंधित दस्तावेज लेकर थाना आने के लिए कहा। बिना दस्तावेज निर्माण को पुलिस ने अराजक कार्रवाई घोषित करते हुए दोनों पक्षों को थाना बुलाया और मंदिर से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा, किंतु वे किसी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। बावजूद इसके असामाजिक तत्वों ने मंदिर पर लगाए गए बौद्ध विहार के फर्जी बोर्ड को हटाया नहीं है, जिसके चलते श्रद्धालुओं में आक्रोश पनप रहा है।

अस्पताल में रखी थीं अनाज की बोरियांः बाह में आपूर्ति इंस्पेक्टर ने मारा छापा, दुकान तक पहुंचाया गया अनाज

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। जनपद के बाह में राशन डीलर के यहां आपूर्ति इंस्पेक्टर ने छापा मारा। सूचना मिली थी कि राशन डीलर ने कालाबाजारी कर अनाज की बोरियां हॉस्पिटल में छिपाकर रखी हैं। यह अनाज की बोरियां सरकारी राशन की थी। अनाज की बोरियों को दुकान पर पहुंचाया गया। आपूर्ति इंस्पेक्टर सूरज कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि बाह के बासौनी में सरकारी राशन की बोरियां छिपाकर एक हास्पिटल में रखी गई हैं, जो राशन की दुकान से 200 मीटर दूर है। इस पर हास्पिटल में छापा मारा। जहां अनाज की बोरियां रखी थीं। राशन डीलर से पूछताछ की गई। उसने बताया कि जुलाई का राशन आ गया था, लेकिन दुकान का रास्ता खराब था और जगह नहीं थी। इसलिए हॉस्पिटल में अनाज की बोरियां रखी गई थीं। आपूर्ति इंस्पेक्टर ने सारा अनाज अपने सामने तुलवाया और दुकान तक पहुंचाया।

ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों ने शिकायत के साथ ही मांग की थी कि राशन डीलर पर कार्यवाही की जाए। दुकान से दूर अनाज की बोरियां क्यों रखवाई गई थीं। इस पर आपूर्ति निरीक्षक सूरज कुमार सिंह का कहना था कि कार्यवाही अभी नहीं की गई है। राशन पूरा है। मंगलवार को दुकान से अपने सामने ही राशन बंटवाएंगे। अगर कोई दिक्कत हुई तो कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस टीम पर पथराव : एक्सीडेंट में मौत से गुस्साए लोगों ने लगाया जाम, फोर्स ने लाठी से खदेड़ा

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। एक्सीडेंट में मौत के बाद परिजनों ने गुस्से में आकर जाम लगाने का प्रयास किया। यह पता चलते ही पुलिस टीम पहुंची। लोगों को वहां से हटाने का प्रयास किया। इस दौरान परिजनों की पुलिस से बहस हो गई। पुलिस ने शव को उठाने का प्रयास किया, तो परिजन आक्रोशित हो गए। इसी बीच, भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पुलिस पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इससे अफरा तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस को हालत संभालने के लिए लाठियां फटकारनी पड़ीं। बाद में पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया। मामला हरीपर्वत के सूरसदन के पास का है।

एसीपी बोलीं परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे

एसीपी सुकन्या शर्मा ने बताया सूरसदन रोड के पास 1 जून को हादसा हो गया था। इसमें एक वाहन बाइक सवारों को टक्कर मारकर भाग गया था। इस हादसे में गिहारन बस्ती में रहने वाले आशुतोष और रितिक की मौत हो गई। जबकि साजन गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार को उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन और बस्ती की महिलाएं शव को सूरसदन के पास ले आए। एम्बुलेंस से शव उतारकर रोड पर रखकर जाम लगाने का प्रयास करने लगे। सूचना पर हरीपर्वत थाने की पुलिस पहुंच गई। परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे। उनका आरोप था कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

भीड़ में आए लोगों ने पत्थर फेंके

पुलिस हंगामा कर रही महिलाओं को समझाने की कोशिश कर रही थी। महिलाओं से शव लेकर रास्ते से हटाने का प्रयास किया। तभी महिलाओं ने अभद्रता कर दी। भीड़ में आए युवकों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। इसके बाद हालत संभालने के लिए पुलिस ने लाठी फटकारी, तो अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने हंगामा करने वालों को वहां से खदेड़ दिया। इस हंगामे और भगदड़ में एक युवक बेहोश हो गया। इसके बाद लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस की लाठी पड़ने से युवक गिर गया। युवक को ई रिक्शे से अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

एक घंटे तक चला हंगामा

दोपहर करीब 3 बजे मृतक के परिजन पहुंचे थे। उन्होंने जमकर नारेबाजी की। अचानक लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। पुलिस को हंगामा कर रहे लोगों से जूझना पड़ा। इसके चलते वाहनों की लाइन लग गई। हंगामा करने वाले लोगों ने वाहन चालकों के साथ भी अभद्रता की।

भीड़ ने किया पथराव, पुलिस ने चलाई लाठियां

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। जब पुलिस ने शव को हटाने का प्रयास किया तो भीड़ आक्रोशित हो गई और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव के बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। लाठीचार्ज होते ही भीड़ भाग गई और पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया।एसीपी सुकन्या शर्मा ने बताया कि हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जिससे आहत परिजनों ने शव के साथ जाम लगाया और हंगामा किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर शव को अंतिम संस्कार के लिए भिजवा दिया है।घटना के बाद एमजी रोड और नगर निगम के आस-पास अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने स्थिति को सामान्य करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया।

मोपेड से गिरकर महिला घायल

हाथरस। आगरा अलीगढ़ रोड स्थित न्यू सब्जी मंडी सासनी पर एक महिला मोपेड से सड़क पर गिरकर घायल हो गई जिसका उपचार निजी चिकित्सा कराया है। जानकारी के अनुसार एक महिला को उसका करीब बीस वर्षीय पुत्र मोपेड पर बैठाकर न्यू बिजलीघर कालोनी की ओर ले जा रहा था। बताते है कि जैसे ही उसी बाइक पुरानी सब्जी मंडी के निकट पहुंची वैसे मोपेड पर बैठी महिला को चक्कर आ गया और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना की जानकारी होने पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड जुट गई। लोगों ने महिला को सडक से एक ओर किया और उसका पुत्र थोडी ही देर में निजी वाहन से उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गया। जहां उसका उपचार किया गया। घटना से पुलिस ने अनभिज्ञता जाहिर की है।

मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जनपदवार कर करेत्तर मद में प्राप्त वसूली एवं वसूल की गयी धनराशि की समीक्षा की गयी। स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन में भी मथुरा की प्रगति अच्छी रही। अन्य जिलों में वसूली करने के निर्देश दिए। परिवहन में आगरा व मथुरा एवं विद्युत में मथुरा व फिरोजाबाद में कर वसूली में प्रगति बढ़ाए जाने को कहा। खनिज में फिरोजाबाद में प्रगति बढ़ाई जाए। विविध देय में निर्देश दिए कि आगरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी निरंतर समीक्षा कर प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा की गयी। देखा गया कि इस योजना से जुड़े आगरा में 104, मथुरा में 36, फिरोजाबाद में 17 और मैनपुरी में 10 प्रकरण लंबित है। सभी प्रकरणों के शत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए। धारा 33 की प्रगति संतोषप्रद रही लेकिन नियत समयाविधि पश्चात लंबित आवेदन आगरा में एक तथा फिरोजाबाद में 3 वादों को निस्तारण करने साथ ही खतौनी में अमलदरामद दर्ज कराने हेतु 7 दिन पश्चात के लंबित वादों के भी निस्तारण करने के निर्देश दिए। धारा 34 में मैनपुरी को छोड़कर सभी जिलों में रैकिंग में सुधार देखने को मिला। 3 वर्ष से अधिक लंबित प्रकरण का शत प्रतिशत निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त महोदय ने कहा कि धारा 34 नामांतरण में प्रविष्टि दर्ज होती रहे कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। धारा 38 में 1 वर्ष से अधिक लंबित होने पर नाराजगी जताई, उन्होंने कहा कि इसी माह में सभी वादों का निस्तारण करें। इसके उपरांत पोर्टल पर राजस्व न्यायालय के वादों की प्रविष्टि एवं अद्यतन किए जाने की स्थिति की समीक्षा की गई। मैनपुरी को छोड़कर अन्य जिलों के अधिकतर तहसीलों में वादों की संख्या लंबित होने पर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने न्यायालय में वाद सुनवाई की तिथि लगाएं, जिन वादों में आदेश होते जाएं उन्हें पोर्टल पर अपडेट करें। ई खसरा में विवरण प्रविष्टि पर अभी काम शुरू हुआ है, ध्यान देने की जरूरत है। अंश निर्धारण में त्रुटि सुधार प्रार्थना पत्र के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। आगरा में 168, फिरोजाबाद में 292, मथुरा में 47 और मैनपुरी में चार ऐसे आवेदन है जो 15 दिनों से अधिक के लंबित हैं। आयुक्त महोदय ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि जो आवेदन निस्तारण होने लायक है उन्हें तत्काल करें और जो नहीं हो सकते हैं उनमें कारण स्पष्ट करें कोई भी आवेदन लंबित नहीं होना चाहिए। धारा 24 और धारा 67 में आगरा की रैंकिंग में गिरावट हुई है। आगरा और फिरोजाबाद दोनों जनपदों में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। धारा 80, 101 और 116 में भी लंबित आवेदनों के ज्यादा से ज्यादा निस्तारण हेतु लेखपाल के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। राजस्व बाद में ओवरऑल समीक्षा में आगरा और मथुरा की रैंकिंग में अच्छा सुधार हुआ जबकि फिरोजाबाद और मैनपुरी को रैंकिंग में और सुधार हेतु वाद निस्तारण की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपदवार राजस्व न्यायलयों में वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए आयुक्त महोदय ने कहा कि सभी जिलों में अपर जिलाधिकारी एक साल से ऊपर लंबित और तहसीलदार व नायाब तहसीलदार 3 वर्ष से अधिक लंबित सभी वादों का प्रमुखता से निस्तारण करें। वहीं अवर न्यायालय को भेजी गई मांग पत्र के अनुसार पत्रावलियां उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा चकबंदी से जुड़े कई वर्ष पुराने सभी लंबित प्रकरणों के पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी 11 जून को जेपी सभागार में करेंगे प्रबुद्ध जनों से जन संवाद

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने मीडिया प्रभारी भाजपा आगरा महानगर रोहित कत्याल के माध्यम से अवगत कराया है कि 11 जून 2025 को भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री सुधांशु त्रिवेदी जी मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण 11 साल बेमिसाल अभियान के मुख्य बिंदुओं को प्रबुद्ध वर्ग के बीच में खंदारी कैंपस स्थित जेपी सभागार में दोपहर 3 बजे से चर्चा करेंगे। इस प्रोफेशनल मीट से पहले 11 साल बेमिसाल अभियान की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसका उद्घाटन मा0 राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा श्री सुधांशु त्रिवेदी जी द्वारा किया जाएगा।

कूलर फैक्ट्री में लगी आगः शॉर्ट सर्किट की आशंका, एत्मादपुर के कोल्ड स्टोरेज के अंदर थी फैक्टी

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। थाना एत्मादपुर क्षेत्र के संवाई गांव में कूलर बनाने की फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें गोदाम में रखे कूलर व अन्य सामान जल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए के नुकसान की बात कही जा रही है। संवाई गांव में मयूर कोल्ड स्टोरेज में आरपी इंडस्ट्रीज के नाम से कूलर बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री स्वामी राहुल भारद्वाज ने बताया कि उनके यहां पर कूलर बनाने का काम होता है। सोमवार रात को वो फैक्ट्री बंद करके गए थे। उस समय कोई लाइट जली रह गई। आशंका है कि उससे ही शार्ट सर्किट हुआ होगा। सुबह सात बजे उन्हें सूचना मिली कि फैक्ट्री में आग लग गई है।

8 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान

अंदर से धुआं निकल रहा है। वो मौके पर पहुंचे। अंदर आग की लपटें उठ रही थीं। पफायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। फैक्ट्री स्वामी का कहना है कि आग से करीब 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

शिव भक्तों को आकर्षित करेगा कैलाश महादेव मंदिर

- 40 करोड़ रुपए से श्रद्धालुओं के लिए विकसित की जा रही सुविधाएं
- तीन चरणों में भव्य द्वार, नए घाट, पार्किंग, चेंजिंग रूम, यात्री शेड आदि कार्य
- उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही योगी सरकार

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। योगी सरकार द्वारा जनपद में शिव मंदिरों का कायाकल्प किया जा रहा है। विकास कार्यों से शिव मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र को चमकाया जा रहा है। यमुना नदी के किनारे बने पुराने घाटों का जीर्णोद्धार और नए घाट विकसित किए जा रहे है। कॉरिडोर का निर्माण व मंदिरों के संरक्षण के साथ ही पर्यटन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 40 करोड़ रुपये की लागत से यमुना किनारा स्थित प्राचीन श्री कैलाश महादेव मंदिर और उसके आसपास विकास कार्य किए जा रहे हैं। मंगलवार को कैलाश मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत द्वितीय चरण के कार्यों का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसमें नए घाट, भंडार गृह, पाथवे, यमुना दर्शन स्थल, सोलर पावर सिस्टम, स्टोन बेंच, नालियों आदि के कार्य किए जा रहे हैं। योगी सरकार के द्वारा 40 करोड़ रुपये की लागत से श्री कैलाश मंदिर के पर्यटन विकास के कार्य को विभिन्न चरणों में संपन्न किए जाने की रूपरेखा बनाई गई है। जिसमें प्रथम चरण में 4.11 करोड़ रुपये से यमुना किनारे 45 मीटर लंबा घाट व राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य कराया गया है। द्वितीय चरण में 15.26 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसमें श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिसमें यमुना किनारे 80 मीटर लंबा नया घाट, भंडार गृह, पाथवे, यमुना दर्शन स्थल, सोलर पावर सिस्टम, स्टोन बेंच, नालियों आदि का कार्य चल रहे है। तृतीय चरण में पार्किंग, यात्री शेड, पेयजल कियोस्क, टॉयलेट ब्लॉक, मार्ग साइनेज, सड़कों का विकास, ईवी चार्जिंग प्वाइंट आदि विभिन्न कार्य प्रस्तावित हैं। मंगलवार को कैलाश मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत द्वितीय चरण के कार्यों का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मंदिर कॉरिडोर के चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पदयात्रा मार्ग के निर्माण हेतु वन विभाग के साथ समन्वय से सड़क पैमाइश कार्य, मार्ग चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण, विद्युत विभाग द्वारा लाइन शिफ्टिंग या भूमिगत करने हेतु सर्वे कार्य, ईवी चार्जिंग प्वाइंट, सोलर लाइट पैनल के कार्य एवं सड़क व पाथवे निर्माण से पूर्व विभिन्न विभागों से समन्वय कर पेयजल, सीवर,गैस, दूरसंचार आदि की लाइन के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में नियमित साफ सफाई, उच्च स्वच्छता बनाए रखने तथा कैलाश मंदिर के पर्यटन विकास के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध सुनिश्चित किए जाने को संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक दिनेश जी, कथावाचक संत श्री अतुल कृष्ण जी महाराज, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, विधायक जीएस धर्मेश, एमएलसी विजय शिवहरे, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजाद भगत सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह, कैलाश मंदिर महंत निर्मल गिरि सहित अन्य गणमान्य अतिथि व अधिकारी मौजूद रहे।

प्राचीन कैलाश मंदिर पर किए जाने वाले कार्य :-

- राष्ट्रीय राजमार्ग पर भव्य प्रवेश द्वार, सड़क चौड़ीकरण (निर्माण कार्य हो चुका है।)
- पर्यटन सुविधाएं- पार्किंग, यात्री शेड, पेयजल कियोस्क, टॉयलेट ब्लॉक, चेंजिंग रूम आदि
- यमुना किनारे पर 180 मीटर लंबे घाट को संवारा जाएगा। आरती स्थल बनेगा।
- पाथवे का निर्माण कार्य, पाथवे पर सोलर लाइट व आकर्षक बेंच लगाई जाएंगी।
- करीब 9 करोड़ से 11 हजार व 33 हजार वोल्ट की पावर लाइन का अंडरग्राउंड व स्ट्रीट लाइट
- धार्मिक कार्यक्रमों के लिए दो मंजिला भवन बनाया जाएगा।
- महादेव वाटिका, नंदी वन और नवग्रह वाटिका का निर्माण किया जाएगा
- जंगल के रास्ते पर 12 से 15 फीट ऊंची जाली लगेगी।
- यमुना नदी में नौका विहार कराए जाने की भी योजना है।

24 घंटे में ही अतिक्रमण से घिरी बोदला रोड़ की रामनगर पुलियाः एक दिन पहले ही नगर निगम ने कराया था मुक्त

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। अतिक्रमणकारियों के सामने नगर निगम बेबस साबित हो रहा है। स्थिति ये है कि निगम की टीम रोड को अतिक्रमण से मुक्त कराकर जाती है, उधर अतिक्रमणकारी 24 घंटे में ही फिर से अतिक्रमण कर रोड को घेर लेते हैं।

चलिये आपको दिखाते हैं रामनगर पुलिया बोदला रोड की हकीकत

इस रोड पर एक दिन पहले यानि 9 जून को नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। अगले दिन यानि 10 जून को ये रोड अतिक्रमण से घिरी हुई मिली। कहीं बाइक मैकेनिक की दुकान सड़क पर संचालित हो रही थी तो कहीं खान पान के ठेले खड़े हुए थे। ये स्थिति दोपहर की थी। शाम के समय तो ये सड़क पूरी तरह से घिर जाती है। चाट पकौड़े के लगभग 150 और ठेले रोड पर आकर खड़े जाते हैं। ये स्थिति ये हो जाती है कि शाम के समय इस रोड से निकलना मुश्किल हो जाता है।

पहले पढ़िये नगर निगम का दावा

सोमवार को नगर निगम प्रवर्तन दल ने जोनल अधिकारी चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में रामनगर की पुलिया से दोपहर बाद कारवाई प्रारंभ कर नाली और नालों के अलावा फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। दुकानदारों के द्वारा प्रचार प्रसार के लिए लगाये गये बोर्ड और होर्डिंग्स भी उखाड़ कर नगर निगम प्रवर्तन दल ने जब्त कर लिये।

जानिये हकीकत क्या है।

रामनगर पुलिया से बोदला चौराहा की ओर चलने पर मारुति एस्टेट चौराहा तक लगभग 20 आटो, बाइक स्कूटर रिपेयरिंग की दुकानें हैं। ये सभी दुकानें फुटपाथ पर संचालित हो रही हैं। कुछ तो फुटपाथ से भी आगे निकलकर सड़क पर बाइक खड़ी करके उसकी रिपेयरिंग कर रहे हैं। इस बीच में कुछ जूस और गोलगप्पे के ठेले भी सड़क पर फिर से लग गए हैं।

मारुति एस्टेट चौराहा पर अतिक्रमण

मारुति एस्टेट चौराहा तो अतिक्रमण से घिरा हुआ है। चौराहा से मारुति एस्टेट की तरफ चलने पर फुटपाथ पर फिर से पान मसाले और फलों के ठेले लग गए हैं। इन्होंने त्रिपाल डालकर पूरे फुटपाथ को घेर लिया है। इतना ही नहीं, चौराहा के एक तरफ जूस वाला फिर से आकर जम गया है।

छोले भठूरा ठेल ने घेरा फुटपाथ

मारुति एस्टेट चौराहा से बोदला की ओर लगभग 150 मीटर चलेंगे कि सामने ही सड़क के पास फुटपाथ घेरे छोले भठे की ठेल दिखाई देगी। इस ठेल वाले ने त्रिपाल डालकर फुटपाथ से आगे तक सड़क घेर ली है। यहां लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां डाल दी हैं।

सड़क पर सजी दुकान

रामनगर पुलिया से बोदला चौराहा के बीच दोनों ओर लगभग 25 इलेक्ट्रिकल्स की दुकानें हैं। गर्मियों में ये सभी कूलर बेच रहे हैं। इनमें से अधिकांश के कूलर डिस्प्ले के लिए सड़क किनारे फुटपाथ पर रखे हुए हैं। कूलर रखकर इन्होंने पूरा फुटपाथ घेर लिया है। राहगीरों के निकलने के लिए जगह ही नहीं बची।

चोरी के आभूषण खरीदने वाले स्वर्णकार को किया गिरफ्तार

हाथरस। सिकंदराराऊ के तिराहा बाजार में सोमवार को अलीगढ़ के थाना गोधा पुलिस ने एक स्वर्णकार की दुकान पर दबिश दी। पुलिस की दबिश से बाजार में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने निशानदेही पर आरोपित दुकानदार को चोरी के स्वर्ण आभूषण खरीदने के आरोप में हिरासत में लिया और कोतवाली ले गई। यहां अन्य स्वर्णकार भी पहुंच गए। अलीगढ़ पुलिस आरोपित स्वर्णकार को अपने साथ अलीगढ़ ले गई।अलीगढ़ के थाना गोधा प्रभारी निरीक्षक सरिता सिंह सोमवार को क्राइम ब्रांच टीम के साथ जैसे ही कस्बा के तिराहा बाजार पहुंची तो स्वर्णकारों में खलबली मच गई। तिराहा बाजार पर स्थित स्वर्णकार शाहिद निवासी मोहल्ला शाहबुद्दीनगंज की दुकान पर पकड़े गए मुलजिम की निशानदेही पर दबिश दी। टीम ने मुलजिम की निशानदेही पर आरोपित स्वर्णकार को चोरी के आभूषण खरीदने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की दबिश से बाजार में हड़कंप मच गया। पुलिस आरोपी स्वर्णकार को गिरफ्तार कर पहले कोतवाली ले गई। जहां भारी संख्या में एकत्रित होकर स्वर्णकार पहुंच गए। कोतवाली पर काफी देर तक स्वर्णकारों की पुलिस से मामले को लेकर बातचीत चली, लेकिन नतीजा शून्य निकला। पुलिस किसी के दबाव में नहीं आई। पुलिस आरोपित स्वर्णकार को अपने साथ अलीगढ़ ले गई। अलीगढ़ पुलिस द्वारा बाजार में दी गई दबिश की चर्चा लोगो के बीच जारी रही।

संपादकीय

पीओके वापस लौटेगा

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोगों को भारतीय परिवार का हिस्सा बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दिन दूर नहीं जब वे खुद भारत की मुख्यधारा में लौट आएंगे। भारतीय उद्योग परिसंघ के बिजनेस समिट में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारा अपना हिस्सा पीओके वापस लौटेगा और कहेगा, मैं भारत हूं, वापस आ गया हूं। सिंह ने कहा कि वहां रहने वाले हमारे इन भाइयों की हालत कुछ ऐसी है, जैसे महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। जैसा कि महाराणा प्रताप शक्ति के अलग हो जाने पर कहते थे-तब कुपथ को छोड़, सुपथ पर स्वयं चला आएगा, मेरा ही भाई है मुझ से दूर कहां जाएगा। लेकिन महाराणा के भाई की याद करते हुए भूलना नहीं होगा कि रावण का भाई विभीषण ही उसके अंत का कारण बना था। पाकिस्तान पर सैन्य हमले, स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के बेहतरीन प्रदर्शन और पहली दफा दुश्मन मुल्क में घुस कर आतंकवादी ठिकानों पर प्रभावी कार्रवाई से तय रूप से भारत के हौंसलों को बल मिला है। पाकिस्तान के आंतरिक हालात, राजनीतिक अस्थिरता, मंहगाई और बेरोजगारी से अवाम त्रस्त है। पीओके के उत्तरी इलाकों गिलगित, बाल्टिस्तान, डायमिर, गीजर और घांचे में तकरीबन पंद्रह लाख आबादी है। भारत विभाजन के बाद ही पाक ने जम्मू-कश्मीर के इस हिस्से पर हमला कर दिया था। तब से यह इलाका विवादों से घिरा है पर कश्मीर के तकरीबन 35त्न हिस्से पर पाक का कब्जा है परंतु भारत इसे अपना अभिन्न हिस्सा मानता है। यहां की आबादी मुख्यतया मुसलमानों की है, चुनिंदा ईसाई रहते हैं। उनके स्वयं भारत आने का इस तरह की काल्पनिक बातें करने से पहले केंद्रीय मंत्री को देश के भीतर रहने वाले मुसलमानों के प्रति सहिष्णुता दिखानी सीखना होगा। भाजपा के कार्यकाल में हो रहे सांप्रदायिक पक्षपात की अनदेखी नहीं की जा सकती। भारत-पाक के बीच संघर्ष व युद्ध विराम को दोनों मुल्कों की सरकारें जुबानी वाद-विवाद तथा आरोप-प्रत्यारोप द्वारा अपने-अपने देशवासियों को प्रभावित करने में भरसक जुटी दिख रही हैं। यह कोई बर्लिन की दीवार नहीं है, जो विभाजन को नेस्तनाबूद करने के लिए झटके से गिरा दी जाए।

छिपकली से भी डरने वाली लड़कियों का दुस्साहस

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)

अपनी नाजुक कलाइयों पर खरोंच पड़ने से तिलमिलाती लड़कियाँ , संकोच के कारण अपने मन की बात कहने से डरने वाली लड़कियाँ, कमरे में छिपकली देखकर डरने वाली लड़कियाँ आख़िर इतनी निडर कैसे हो गई, कि अपने जीवन साथी को मौत के घाट उतारने में भी उन्हें संकोच नही होता। कभी भाड़े के हत्यारों को बुलाकर अपने पति की हत्या की साजिश रचती हैं। पति को सुनसान जंगल में ले जाकर मौत के हवाले कर शव को खाई में फेंकती हैं, कभी क़त्ल करके शव को किसी ड्रम में डालकर सीमेंट के घोल से पत्थर बनाने का असफल प्रयास करती हैं। कोई अपने प्रेमी के साथ पति का गला घोंटकर शव के ऊपर साँप को बिठाकर पति की मौत का कारण साँप के द्वारा डँसा जाना बताती हैं।

कोई विवाह के उपरांत से ही पति की कमाई पर कब्जा करके अपने मायके वालों का पोषण करती हैं तथा पति को आतंकित करके मृत्यु का वरण करने हेतु विवश कर देती है। मेघालय में हनीमून ट्रिप पर गई नव विवाहिता सोनम की कहानी भी पुरानी कहानियों से इतर प्रतीत नहीं होती। यह केवल एक युवक राजा रघुवंशी का क़त्ल नही है, बल्कि विवाह जैसी पवित्र संस्था में व्यक्त किए गए विश्वास का क़त्ल है। जिसे समय के साथ नियति मानकर भुला दिया जाएगा। अब विवाह जैसे पवित्र परिणय बंधन के औचित्य पर भी प्रश्न उठने स्वाभाविक हो गए हैं, ख़ासकर उन वैवाहिक रिश्तों पर जिन्हें दो परिवारों की सहमति से पारंपरिक रीति रिवाजों से स्थापित किया गया हो।

यूँ तो प्रेम और आकर्षण मन के विषय हैं। समाज में शारीरिक आकर्षण के चलते कब वासना में अंधे होकर युवक युवती अपनी नैतिक और सामाजिक मर्यादा का उल्लंघन करके अपनी शारीरिक भूख मिटाने के लिए अपने परिवार की इज्जत को दाँव पर लगाने से बाज न आएँ, मगर ऐसे कृत्य करने वालों को किसी और के विश्वास को छलने की छूट क्यों मिले ? दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति यह है कि वासना पूर्ति के लिए समाज में इतना खुलापन आ चुका है कि दैहिक संबंधों में न उम्र आड़े आ रही है और न ही आपसी रिश्ते। कहीं सास अपने दामाद के साथ व्याभिचार में लिप्त है तो कहीं सगे कहे जाने वाले भाई बहन, बुआ भतीजे, ससुर बहु सहित अनेक रिश्ते भी कलंक की कथा लिखने में पीछे नही रह गए हैं। इंदौर के राजा रघुवंशी हों या मेरठ के सौरभ राजपूत, दोनों का क़सूर केवल यही तो था कि एक की सोनम बेवफा हो गई और दूसरे की मुस्कान । समाज में न जाने कितनी ही ऐसी मुस्कान, सोनम और निकिता हैं, जिनकी बेवफ़ाई से अनेक निर्दोष पति अपनी जान गँवाने के लिए विवश हो रहे हैं। मनोविज्ञानियों व समाजशास्त्रियों के लिए यह गंभीर चिंतन का विषय है, कि समाज किस दिशा में अग्रसर हो रहा है ? क्या विवाह जैसी संस्था का अस्तित्व चरमराने लगा है ? क्या नारी के सशक्तिकरण में इस प्रकार के आचरण को स्वीकारा जा सकता है। क्या हत्या, हत्या की साजिश जैसे कृत्यों के चलते अपराधी युवतियाँ किसी प्रकार की दया या संवेदना की पात्र हैं ? नित्य ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति प्रकाश में आ रही है। कुछ समय के लिए मीडिया को भी घटना के अनेक पहलुओं पर खोजबीन करके अपने अपने तरीक़े से घटना प्रस्तुत करने का अवसर मिल जाता है। सोशल मीडिया भी पक्ष विपक्ष में अपनी भड़ास निकालने लगता है। विचारणीय बिंदु यह है कि समाज में ऐसी घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम देने का दुस्साहस आख़िर बढ़ कैसे रहा है ?

शब्द सामर्थ्य -075

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 074का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	वा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

कबीरदास जी के साहित्य में व्यंग्य

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विनायक फीचर्स)

कबीरदास जी का साहित्य भारतीय समाज और धर्म की गहन आलोचना प्रस्तुत करता है, जिसमें व्यंग्य की विशेष भूमिका है। उनकी रचनाओं में व्यंग्य का प्रयोग सामाजिक कुरीतियों, पाखंडों और अंधविश्वासों के खिलाफ तीखा प्रहार करने के लिए किया गया है।

व्यंग्य की परिभाषा और कबीर का दृष्टिकोण

व्यंग्य वह साहित्यिक शैली है, जिसमें कथन के माध्यम से किसी विषय की आलोचना की जाती है, ताकि समाज में सुधार की दिशा में जागरूकता उत्पन्न हो। कबीरदास जी ने इस शैली का उपयोग धर्म और समाज की विकृतियों को उजागर करने के लिए किया।

कबीर के व्यंग्य का स्वरूप

धार्मिक आडंबरों पर प्रहार- कबीर ने मूर्तिपूजा और कर्मकांडों की आलोचना करते हुए कहा- ÷पाथर पूजै हरि मिलै, तो मैं पूजूँ पहाड़।÷ इसका अर्थ है कि यदि पत्थर की पूजा से भगवान मिलते हैं, तो मैं पहाड़ की पूजा क्यों न करूँ। मुल्ला-मौलवियों की आलोचना- कबीर ने मुल्ला-मौलवियों की धार्मिकता पर व्यंग्य करते हुए लिखा- मसजिद चढ़ क्यों बांग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय।÷ यहाँ वे यह प्रश्न उठाते हैं कि मस्जिद में चिल्ला कर खुदा को क्यों बुलाना ? सामाजिक भेदभाव पर कटाक्ष-कबीर ने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव की आलोचना करते हुए कहा- ÷एक बूँद तै सृष्टि रची है, कौन बभन कौन सूदा।÷ इसका तात्पर्य है कि एक ही ब्रह्म से सृष्टि की रचना हुई है, तो ब्राह्मण और शूद्र में भेद क्यों?

कबीर के व्यंग्य का उद्देश्य

कबीरदास जी का व्यंग्य केवल आलोचना तक सीमित नहीं था, उनका उद्देश्य समाज में सुधार और जागरूकता उत्पन्न करना था। वे चाहते थे कि लोग धर्म और समाज की वास्तविकता को समझें और अंधविश्वासों से मुक्त हों। कबीरदास जी का साहित्य व्यंग्य की शक्ति के सशक्त प्रयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसमें उन्होंने समाज और धर्म की विकृतियों को उजागर करने के लिए तीखा प्रहार किया। उनका व्यंग्य न केवल आलोचना का माध्यम था, बल्कि समाज सुधार की दिशा में एक प्रेरणा भी था।

प्रेम, अपराध और असंतुलनः एक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण

लेखिका- डा0 निधि श्रीवास्तव

सोनम रघुवंशी कांड ने एक बार फिर यह प्रश्न सामने ला खड़ा किया है – क्या हर प्रेम वास्तव में प्रेम होता है? और जब रिश्तों में ईमानदारी न हो, तो क्या अपराध अपरिहार्य बन जाता है? जब एक नवविवाहिता, अपने पति की हनीमून के दौरान योजनाबद्ध हत्या करती है, तो मामला केवल अपराध का नहीं, मनोवैज्ञानिक असंतुलन का भी बन जाता है।

1. मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस अपराध की परतें-

द्वैत चेतना (Dual Consciousness)- सोनम जैसे अपराधी दो जीवन जीते हैं – एक समाज के सामने 'संस्कारी' जीवन और दूसरा भीतर पलती असंतुष्टि, आकर्षण, और अपराध की भावना से भरा।

संज्ञानात्मक असंगति (Cognitive Dissonance) -जब व्यक्ति अपने मूल्यों और व्यवहार के बीच असहमति अनुभव करता है, तो मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। सोनम की स्थिति में प्रेमी के लिए आकर्षण, पति से दूरी और सामाजिक विवाह – ये विरोध आपस में भिड़े और अंततः विस्फोट हुआ।

Emotionally Immature Personalit4 (भावनात्मक अपरिपक्वता)- ऐसे लोग रिश्तों में ईमानदारी और त्याग नहीं निभा पाते। वे त्वरित सुख, नियंत्रण और "मुझे क्या चाहिए" की भावना से संचालित होते हैं।

2. क्या यह सिर्फ? अपराध है या मनोरोग भी

Antisocial Personality Traits-

झूठ बोलना,दूसरों को manipulate करना,पछतावे का अभाव अपराध के बाद सामान्य जीवन जीना।

Narcissistic Traits: आत्म-केंद्रितता- यह मानना कि ÷मुझे जो चाहिए, वो किसी भी कीमत पर मिलना चाहिए÷ यह जरूरी नहीं कि सोनम को कोई मानसिक बीमारी हो, पर उसमें कुछ पैथोलॉजिकल व्यक्तित्व लक्षण ज़रूर दिखाई देते हैं।

3. सोशल मीडिया और रिश्तों का मिथ्या संसार-

Perception vs. रियलिटी सोनम और राजा की शादी की तस्वीरें वायरल थीं – मुस्कुराते चेहरे, सजी हुई मंडप की सजावट... लेकिन उसके पीछे चल रही थी हत्या की योजना। सोशल मीडिया आज रिश्तों को %ब्रांड% की तरह दिखाने लगा है, जिससे असली भावनाओं को कोई जगह नहीं मिलती।

भावनाओं का प्रदूषण- रोमांस का मतलब 'रील' बनाना,शादी का मतलब 'इंस्टाग्राम स्टोरी', अपराध का मतलब 'ट्रेंड'

4. समाधान और मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका-

* विवाह पूर्व काउंसलिंग अनिवार्य हो

*Compatibility test, communication skills, और emotional readiness पर ध्यान दिया जाए।

स्कूल/कॉलेज में रिश्तों पर मनोचिकित्सकीय शिक्षा

युवा पीढ़ी को बताया जाए कि सच्चा संबंध क्या होता है।

Emotional intelligence को सिलेबस का हिस्सा बनाया जाए।

अपराधियों की मानसिक स्थिति का मूल्यांकन

हर हाई-प्रोफाइल अपराध में मनोवैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य हो। सोनम रघुवंशी की कहानी अपराध से कहीं अधिक एक बीमार मन, टूटे हुए संबंध और सामाजिक दिखावे की त्रासदी है। जब रिश्तों में संवाद नहीं, सिर्फ? साज़िश हो – तब हत्या केवल शरीर की नहीं, विश्वास, प्रेम और नैतिकता की भी होती है। इस घटना को अपराध की दृष्टि से देखने की बजाय पेरेंटिंग का विश्लेषण भी किया जाना चाहिए।

राशिफल

मेष — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यावसायिक कार्य योजना में बदलाव करना जरूरी है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा, फिलहाल आपकी इनकम पहले जैसी ही रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आज पारिवारिक सुख-शांति का माहौल रहेगा। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको खुशी होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी।

वृषभ — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा, इसलिए आलस और सुस्ती त्याग करना पड़ेगा। आज अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक सुदृढ़ करें क्योंकि यह आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक साबित होने वाले हैं। कोई नई जानकारी भी हासिल होगी। बच्चे पढ़ाई में फोकस रहेंगे। आप जानते हैं कि आपका काम मुश्किल नहीं है बस आपका हौसला कम हो गया है इसलिए आज किसी की सलाह मिलने से आपका हौसला बढ़ेगा और आप काम को बढ़िया तरीके से करेंगे।

मिथुन — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित विवाद सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखेंगे। आज खर्चों की अधिकता की वजह से मन कुछ परेशान रहेगा। परंतु जल्दी ही परिस्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी, इसलिए धैर्य बनाकर रखें। आज दोस्त की किसी समस्या को सुलझाने में आपका सहयोग जरूरी है। भाई व बहनों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा और मां की किसी इच्छा की पूरी होने से आप खुश रहेंगे।

कर्क — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है। आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों पर काम ज्यादा रहेगा। अधिकारियों का दबाव भी रहेगा। मित्रों के साथ बिताए हुए समय की वजह से आनंद मिलेगा। आज आपका किसी नए वाहन खरीदने का सपना पूरा होगा।

सिंह — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप और मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करने से आत्मिक शांति मिलेगी। इस राशि के युवाओं को अपने करियर संबंधी प्रयासों में मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा। सेहत के मामले में सावधान रहें।

कन्या — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज इस बात का भी ध्यान रखें कि भावनाओं में आकर कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है। आज किसी भी तरह की आवाजाही करने से समय और पैसा खर्च हो सकता है। आज आप अपनी योग्यता व प्रतिभा द्वारा किसी विषम परिस्थिति का सामना करने में सक्षम रहेंगे। स्वयं का विकास करने के लिए समय अनुसार अपने स्वभाव में थोड़ा स्वार्थी होना भी जरूरी है।

तुला — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज न करें। आर्थिक मामलों में बजट आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आज समझदारी और सावधानी से काम लेने का समय है। आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप ना करके अपने कार्यों में ही व्यस्त और मस्त रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा आज बच्चे आपने माता-पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा। परिवार के साथ मनोरंजन ऑनलाइन शॉपिंग जैसी गतिविधियों में सुखद बीतेगा। अपनी व्यवहार कुशलता आपको अपने आर्थिक और व्यावसायिक मामलों में भी सफलता प्रदान करेगी।

धनु — आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। दिन भर भागा- दौड़ी की स्थिति रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में भी व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी से संबंधित कोई मुद्दा चल रहा है तो आज उसके परिणाम आपके पक्ष में आने की संभावना है। इस राशि के लोग अपने भविष्य को लेकर गंभीर रहेंगे, आपको जल्दी ही कोई शुभ समाचार भी मिलने वाला है। आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष तौर पर अनुकूल रहेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको प्रभावित होंगे।

मकर — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु फिर भी फोन द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे। आज वर्कस्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। आज रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा, जिससे तन और मन दोनों प्रफुल्लित रहेंगे। किसी नए कार्य की शुरुआत करने में प्रभावशाली व्यक्ति का उचित सहयोग मिलेगा। आज आपका कोई सपना भी साकार होगा। माता जी आपसे कुछ फरमाइश कर सकती है, जिसको पूरा करने पर वह खुश होंगी।

मीन — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कुछ ना कुछ चुनौतियां भी रह सकती हैं। कोई भी विपरीत परिस्थिति आने पर घबराएं नहीं और समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक हो जायेगा। साथ ही वाणी व गुस्से पर भी नियंत्रण रखेंगे। इससे मित्र अथवा पड़ोसी के साथ अच्छा सम्बन्ध रहेगा। करियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा।

कबीर जयंती (11 जून) विशेष

मानव जीवन को प्रेरणा और दिशा प्रदान करता कबीर का चिंतन

(संदीप सृजन-विभूति फीचर्स)

भारतीय भक्ति आंदोलन के एक महान संत, कवि और समाज सुधारक थे कबीरदास, जिनके विचार और चिंतन आज भी मानव जीवन को प्रेरणा और दिशा प्रदान करते हैं। उनकी रचनाएँ, विशेष रूप से दोहे और साखियाँ, सरल भाषा में गहन दार्शनिक और आध्यात्मिक संदेशों को समेटे हुए हैं। कबीर का चिंतन न केवल आध्यात्मिकता तक सीमित है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू सामाजिक, नैतिक, और व्यक्तिगत को समग्रता प्रदान करता है। उनका चिंतन सत्य, प्रेम, समानता, आत्म-जागरूकता, और निष्काम कर्म जैसे मूल्यों पर आधारित है, जो मानव जीवन को संतुलित और सार्थक बनाते हैं। कबीर का चिंतन मानव जीवन के सभी पहलुओं को एक सूत्र में पिरोता है। वे न तो केवल आध्यात्मिक गुरु थे, न ही केवल समाज सुधारक, बल्कि एक ऐसे दार्शनिक थे, जिन्होंने जीवन को एक समग्र इकाई के रूप में देखा। उनका चिंतन व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को संतुलित करने का मार्ग दिखाता है। कबीर के चिंतन का मूल आधार सत्य की खोज है। वे मानते थे कि सत्य ही जीवन का आधार है, और इसके बिना जीवन अधूरा है। जब कबीर कहते है-

"सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।
जाके जी में सांच है, ताके जी में आप।"

इस दोहे में कबीर ने सत्य के समान कोई तपस्या नहीं और झूठ के समान कोई पाप नहीं बताया। सत्य को अपनाने वाला व्यक्ति न केवल अपने जीवन को शुद्ध बनाता है, बल्कि वह परमात्मा के निकट भी पहुँचता है। कबीर का यह चिंतन हमें आत्म-जागरूकता की ओर ले जाता है, क्योंकि सत्य की खोज बाहरी दुनिया से अधिक भीतरी यात्रा है। वे कहते हैं-

"बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।
जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।"

यह दोहा आत्म-निरीक्षण का महत्व दर्शाता है। कबीर का मानना था कि दूसरों में दोष ढूंढने से पहले हमें अपने भीतर झाँकना चाहिए। यह आत्म-जागरूकता जीवन को समग्रता प्रदान करती है, क्योंकि यह हमें अपनी कमियों को सुधारने और बेहतर इंसान बनने का अवसर देती है। कबीर के चिंतन में प्रेम और करुणा का विशेष स्थान है। वे प्रेम को जीवन का सार मानते थे, जो न केवल व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ाता है। उनका एक दोहा है-

"प्रेम न बारी उपजै, प्रेम न हाट बिकाय।
रजा न रंक प्रेम का, सबके हिय समाय।"

इस दोहे में कबीर कहते हैं कि प्रेम न तो खेत में उगता है, न बाजार में बिकता है। यह सभी के हृदय में समान रूप से बसता है, चाहे वह राजा हो या रंक। यह चिंतन हमें निष्कपट और निस्वार्थ प्रेम की ओर ले जाता है, जो जीवन को समृद्ध और संपूर्ण बनाता है। कबीर का प्रेम केवल मानव तक सीमित नहीं था, बल्कि यह ईश्वर और समस्त सृष्टि के प्रति था। उनकी भक्ति में प्रेम और करुणा का समन्वय जीवन को समग्रता प्रदान करता है। कबीर अपने

समय के सामाजिक कुरीतियों, जैसे जातिवाद, धार्मिक कट्टरता, और असमानता, के कट्टर विरोधी थे। उनका चिंतन सभी मनुष्यों को समान मानता था, और वे बाहरी रूढ़ियों को महत्व देने के बजाय आंतरिक गुणों पर जोर देते थे। जैसे-

"जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान।"

इस दोहे में कबीर कहते हैं कि साधु की जाति नहीं, उसके ज्ञान को पूछना चाहिए। व्यक्ति का मूल्य उसकी बाहरी पहचान से नहीं, बल्कि उसके ज्ञान और गुणों से होता है। यह चिंतन समाज में समानता और एकता को बढ़ावा देता है, जो एक समग्र और संतुलित समाज की नींव रखता है। कबीर का यह दृष्टिकोण आज के समय में भी प्रासंगिक है, जब समाज में भेदभाव और असमानता अभी भी मौजूद हैं। कबीर का चिंतन समय के मूल्य और कर्म के सिद्धांत पर भी बल देता है। वे मानते थे कि समय क्षणभंगुर है, और इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। कबीर कहते है-

"काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।
पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब।

यह दोहा हमें वर्तमान में जीने और अपने कार्यों को समय पर पूरा करने की प्रेरणा देता है। साथ ही, कबीर कर्म के सिद्धांत को भी रेखांकित करते हैं-

"करम गति टारे नहिं टरै, जब लगि घट में प्रान।
जैसा बीज बोइए, तैसो ही फल जान।"

इस दोहे में कबीर कहते हैं कि कर्म का फल अवश्य मिलता है। जैसा बीज बोया जाता है, वैसा ही फल मिलता है। यह चिंतन हमें अपने कर्मों के प्रति सचेत रहने और अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देता है, जो जीवन को संतुलित और सार्थक बनाता है। कबीर का चिंतन सादगी और संतोष को जीवन का आधार मानता है। वे लालच और माया के भ्रम से बचने की सलाह देते थे। उनका एक प्रसिद्ध दोहा है-

"साईं इतना दीजिए, जामे कुटुंब समाय।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय।"

सादगी और संतोष का यह संदेश जीवन को तनावमुक्त और सुखी बनाता है। कबीर का यह चिंतन हमें यह सिखाता है कि सच्चा सुख भौतिक संपत्ति में नहीं, बल्कि संतुष्टि और दूसरों की मदद में है। कबीर का चिंतन निर्गुण भक्ति पर आधारित था, जिसमें वे ईश्वर को निराकार और सर्वव्यापी मानते थे। उनका मानना था कि ईश्वर मंदिर-मस्जिद में नहीं, बल्कि हर हृदय में निवास करता है। वे कहते है-

"मोको कहाँ ढूंढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं मंदिर, ना मैं मस्जिद, ना काबे कैलास में।"

यहाँ कबीर कहते हैं कि ईश्वर को बाहर ढूंढने की आवश्यकता नहीं, वह हमारे भीतर ही है। यह चिंतन हमें आध्यात्मिकता के साथ-साथ आत्मिक शांति की ओर ले जाता है। कबीर की भक्ति बाहरी कर्मकांडों से मुक्त थी और प्रेम, सत्य, और आत्म-जागरूकता पर आधारित थी। यह जीवन को एक आध्यात्मिक समग्रता प्रदान करता है। कबीर ने वाणी के संयम पर विशेष जोर दिया। वे मानते थे कि मधुर और सकारात्मक वाणी जीवन में शांति और सद्भाव लाती है। उनका एक दोहा है-

"ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।"

इसके साथ ही, कबीर सत्संग के महत्व को भी रेखांकित करते थे। वे मानते थे कि सत्संग मनुष्य को सही मार्ग दिखाता है और उसे भ्रम से मुक्त करता है। उनका यह चिंतन जीवन को नैतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाता है। कबीर का चिंतन आज के आधुनिक युग में भी उतना ही प्रासंगिक है। आज का मानव भौतिक सुखों की दौड़ में अपनी आंतरिक शांति खो रहा है। कबीर का चिंतन हमें सादगी, संतोष, और आत्म-जागरूकता की ओर ले जाता है। उनकी शिक्षाएँ सामाजिक समानता, प्रेम, और सत्य जैसे मूल्यों को बढ़ावा देती हैं, जो एक बेहतर समाज की नींव रखते हैं। कबीर का यह दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि जीवन का सच्चा सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और नैतिकता में है।

कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की आपदा प्रबंधन की समीक्षा

आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दें : कमिश्नर

रीवा,कासं.। कमिश्नर कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें। बाढ़ से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दें। कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र चिन्हांकित हैं। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव बाढ़ संभावित हैं। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें। बैठक में आईजी रीवा रेंज गौरव राजपूत ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गईं तो कोई परेशानी नहीं होगी। बाणसागर बांध में अधिकत जल स्तर तक पानी आने से पहले ही उसे नियंत्रित रूप से छोड़ना शुरू कर दें। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों तथा होमगार्ड्स एवं राहत और बचाव से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल नम्बर व्हाट्सएप ग्रुप में अपडेट कर लें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट भी भण्डारित कराएं। जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी तत्परता से बाढ़ संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। सभी कंट्रोल रूम एक दूसरे की सूचनाएं साझा करें।

बैठक में मुख्य अभियंता गंगा कछार अशोक डेहरिया ने बाणसागर बांध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बांध के जल भराव क्षेत्र में 79 गांव आंशिक रूप से डूब में आते हैं। इन गांवों में ही बाढ़ की समस्या होती है।

बांध के पूरे क्षेत्र को 6 जोन में बांट कर जोनल अधिकारी तैनात कर दिये गये हैं। कटनी जिले के 27 गांव तथा उमरिया जिले के 18 गांव बांध के बैक वाटर से प्रभावित होते हैं। बैठक में लोक निर्माण विभाग को अति वर्षा की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुल-पुलियों में संकेतक तथा बैरियर लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर कमिश्नर नीतू माथुर, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी संजय खाण्डे, कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी, कार्यपालन यंत्री आरपीएस कंवर, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, उपायुक्त श्रेयस गोखले, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्चुअल माध्यम से आईजी शहडोल, डीआईजी शहडोल, कलेक्टर शहडोल, कलेक्टर सीधी, कलेक्टर मैहर तथा विभिन्न जिलों के पुलिस, राजस्व एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्टर ने 129 आवेदकों की सुनी समस्यायें

दिव्यांग कुंजबिहारी को तत्काल वैशाखी उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिये निर्देश

रीवा,कासं.। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 129 आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर संतुष्टिपूर्वक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान डिहिया निवासी दिव्यांग कुंजबिहारी वर्मा को तत्काल वैशाखी उपलब्ध कराने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को दिये। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में घूमन निवासी अवधराज पाण्डेय, चोरगड़ी निवासी रामप्रसाद पटेल, भाटी निवासी गोपालशरण पाण्डेय तथा तिघरा निवासी बालमीक शुक्ला के सीमांकन कराने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये।

इसी प्रकार मदरी के संतोष पटेल ने सीमांकन कराकर नक्शा तरमीम किये जाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार गंगेव को तथा देवगांव निवासी ममता तिवारी के नामांतरण के आवेदन को तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई में प्रदीप कुमार शाहपुर ने खसरा सुधार का आदेश कम्प्यूटर में फीड कराने का आवेदन दिये जिस पर एसडीएम सिरमौर को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। रामलाल श्रीवास्तव मझिगवां ने पुलिस की उपस्थिति में सीमांकन कराने का आवेदन प्रस्तुत किये कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही के निर्देश दिये। इसी प्रकार पिपरी जोकहा के निवासियों के प्रचलित रास्ता से अतिक्रमण हटाकर पुन- प्रारंभ करने तथा मिट्टीकरण कराने आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को, बालेन्द्र शेखर गौतम जुड़वानी निवासी के अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार सेमरिया को तथा स्थगन के उपरांत सीमांकन की जांच के संबंध में चुनरी निवासी प्रतिभा सिंह के आवेदन को एसडीएम त्योंथर को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। अंबिका प्रसाद तिवारी अतरैला ने मुआवजा राशि का बैंक द्वारा प्रेषण न करने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एलडीएम को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में तमरा निवासी अल्कारानी सिंह के लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रमाण पत्र दिलाये जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने भी लोगों की समस्यायें सुनीं।

किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक कृषि

किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

रीवा,कासं.। जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं।

इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अत- एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है।

सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80-40-30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है।

कृषि वैज्ञानिक विकसित कृषि संकल्प अभियान में दे रहे उन्नत खेती की जानकारी

रीवा,कासं.। जिले के सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषि विभाग के अधिकारी और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक किसानों को उन्नत खेती का मंत्र दे रहे हैं। शिविरों में किसानों को कृषि, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जल प्रबंधन और जल संरक्षण के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि 10 जून को रीवा विकासखण्ड के ग्राम सुमेधा और बिहरा में शिविर लगाए गए। इनमें कृषि वैज्ञानिक डॉ चन्द्रजीत सिंह ने किसानों को फसलों की कतार से कतार में बोनी, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल में खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। किसानों को उनके खेतों की माटी का परीक्षण कराकर मृदा हेल्थ कार्ड बनाने की समझाइश दी गई। शिविर में किसानों को मिल रही उपयोगी जानकारी की प्रशंसा करते हुए सरपंच बिहरा तथा प्रगतिशील किसान अजय सिंह ने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी गई। किसानों को कई आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। कृषि विभाग किसानों के बीच जाकर सदैव मार्गदशन करे।

संक्षिप्त समाचार

शेयर बाजार तेजी के साथ ग्रीन जोन में खुला, सेंसेक्स 132 अंक उछला, निफ्टी 25,196 पर

मुंबई, ए.। कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार हरे निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 132 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,577.39 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.37 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,196.05 पर खुला. सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच, 10 जून को भारतीय सूचकांक निफ्टी 25150 के आसपास मजबूती के साथ कारोबार कर रहा। आज के कारोबार के दौरान वीडोल कॉर्पोरेशन, एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया, फोर्स मोटर्स, जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज, टेक महिंद्रा, आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया, प्रोटीन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज, निबे, आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक, कैप्री ग्लोबल कैपिटल और प्रीमियर एनर्जीज के शेयर फोकस में रहेंगे। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार तेजी के साथ ग्रीन जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 256 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,445.21 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,103.20 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी पर बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, जियो फाइनेंशियल, ट्रेंट के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन कंपनी, एमएंडएम, भारती एयरटेल, इटरनल के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे। रियल्टी को छोड़कर बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार किए. जिनमें आईटी, पीएसयू बैंक 1-1 फीसदी ऊपर रहे. बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1-1 फीसदी की तेजी आई।

बैंक में इस सप्ताह तीन दिन नहीं होगा कामकाज

नई दिल्ली, ए.। जून 2025 का दूसरा सप्ताह शुरू हो चुका है और इस सप्ताह भी भारतीय रिजर्व बैंक के अवकाश कैलेंडर के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में 3 दिन बैंकों की छुट्टियां रहेंगी. संत गुरु कबीर जयंती के अवसर पर कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे. अगर आपको भी इस सप्ताह बैंक से जुड़ा कोई काम है तो इन कामों को समय रहते निपटा लें वरना आपको असुविधा का सामना करना पड़ सकता है. 11 जून 2025 (बुधवार)- संत गुरु कबीर जयंती/सागा दावा (इस दिन सिक्किम (गंगटोक) और हिमाचल प्रदेश (शिमला) में बैंक बंद रहेंगे. यह बैंकिंग अवकाश संत गुरु कबीर जयंती और सागा दावा के अवसर पर मनाया जाएगा) 14 जून 2025 (शनिवार), दूसरा शनिवार- आरबीआई के नियमों के अनुसार, देश भर के बैंक हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहते हैं. 15 जून 2025 (रविवार), साप्ताहिक अवकाश- रविवार को सभी बैंकों में नियमित साप्ताहिक अवकाश रहता है। कबीर जयंती, जिसे कबीर प्रकट दिवस के रूप में भी जाना जाता है. भारत में एक प्रसिद्ध कवि और रहस्यवादी संत कबीर के प्रकट होने के उपलक्ष्य में मनाई जाती है. यह हिंदू महीने ज्येष्ठ की पूर्णिमा के दिन साल में एक बार मनाया जाता है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार मई या जून का महीना है. उपासकों का मानना है कि कबीर का जन्म इसी दिन 1398 ई. में हुआ था. कहा जाता है कि कबीर सतलोक से प्रकाश का शरीर धारण करके आए थे और कमल के फूल पर अवतरित हुए थे।

क्रेड ने 620 करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाई, वैल्यूएशन 45 प्रतिशत घटा

नईदिल्ली, ए.। फिनटेक कंपनी क्रेड ने 3.5 अरब डॉलर के घटे हुए वैल्यूएशन पर 7.5 करोड़ डॉलर (लगभग 620 करोड़ रुपये) की फंडिंग जुटाई है। कुणाल शाह की कंपनी ने यह निवेश सिंगापुर के वेल्थ फंड जीआईसी की अगुवाई में हासिल की है। पिछली बार 2022 में इसका वैल्यूएशन 6.4 अरब डॉलर था, जो अब 45 प्रतिशत कम हो गया है। सीरीज- जी फंडिंग राउंड में आरटीपी कैपिटल, सोफिना और खुद शाह की कंपनी क्यूईडी इनोवेशन लैब्स ने भी पैसा लगाया है। क्रेड का राजस्व 71 प्रतिशत बढ़कर 2,397 करोड़ रुपये हो गया, लेकिन घाटा भी 22 प्रतिशत बढ़कर 1,644 करोड़ पहुंच गया।

निकोलस पूरन ने अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली,ए.। आधुनिक युग के वेस्टइंडीज के विस्फोटक और भरोसेमंद सफेद गेंद वाले क्रिकेटरों में से एक, निकोलस पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की. उन्होंने 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया. वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा टी20 रन और मैच खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने फैसले का खुलासा किया. उन्होंने पोस्ट में उल्लेख किया कि यह उनके लिए मुश्किल था, लेकिन उन्होंने इस फैसले पर पहुंचने से पहले काफी सोचा था. पूरन ने लिखा, मैरून रंग की शर्ट पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना... यह शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि यह मेरे लिए वास्तव में क्या मायने रखता है. कप्तान के तौर पर टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा. पूरन ने खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में अपनी बल्लेबाजी का हुनर दिखाया और टी20द्ध में राष्ट्रीय टीम के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर उभरे. हालांकि, उनके करियर में कुछ उतार-चढ़ाव भी आए जैसे 2019 में अफगानिस्तान के खिलाफ बॉल टैंपरिंग के लिए कुछ समय के लिए निलंबन. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के दौरान पोलार्ड की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी भी की और टीम को 4-1 से जीत दिलाई. पूरन ने 106 टी20द्ध में 136.39 के स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं. उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए 61 वनडे मैच भी खेले हैं जिसमें उन्होंने 3 शतक बनाए हैं और 2019 विश्व कप में भी टीम का हिस्सा थे. उल्लेखनीय है कि पिछले दो महीनों में रिटायरमेंट लेने वाले पूरन 5वें बल्लेबाज हैं।

पूरन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए अहम भूमिका निभाई और 14 मैचों में 196.25 की शानदार स्ट्राइक रेट से 524 रन बनाए. क्रिकेट वेस्टइंडीज ने उनके योगदान के लिए उनकी तारीफ की और स्टार कैरेबियाई बल्लेबाज को धन्यवाद भी दिया।

लग गई मुहर, विराट कोहली की जगह नंबर 4 पर खेलेगा ये युवा बल्लेबाज

नई दिल्ली,ए. । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. इसके बाद से भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम में नंबर 4 का स्थान खाली हो गया है. अब टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने वाली है. ऐसे में विराट कोहली की जगह पर नंबर 4 पर बल्लेबाजी कौन करेगा इसको लेकर सवाल जस का तस बना हुआ है। भारत के लिए इंग्लैंड में नंबर 4 पर खेलने के लिए कई दावेदार मौजूद हैं. इन विकल्पों में खुद कप्तान शुभमन गिल का नाम भी शामिल है. वो इससे पहले भारत के लिए नंबर 4 पर बल्लेबाजी कर चुके हैं. इसके साथ ही करुण नायर का नाम भी नंबर 4 के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है.

अभिमन्यु ईश्वरन और साईं सुदर्शन जो भारतीय क्रिकेट टीम में बतौर ओपनर शामिल हुए हैं. उनके नाम पर भी कोहली की जगह नंबर 4 पर खेलने के लिए चर्चाएं हो रही हैं। इस सब के बीच इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने कहा है कि विराट कोहली की जगह पर नंबर 4 पर साई सुदर्शन खेल सकते हैं. उन्होंने कहा, भारत की टीम में कुछ अच्छे युवा खिलाड़ी हैं. एक खास बल्लेबाज सरे का खिलाड़ी साई सुदर्शन भी है. वह बहुत आक्रामक और निडर दिखता है. वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने इंग्लिश परिस्थितियों में और सरे के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है. मुझे लगता है कि वह भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार हो सकता है और नंबर चार पर विराट कोहली की भूमिका निभा सकता है. मैं विराट की विरासत को आगे बढ़ते देखना चाहता हूं. जिस तरह से उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेला मैं युवा भारतीय टेस्ट खिलाड़ियों को भी वैसा ही खेलते देखना चाहता हूं। आपको बता दें कि साई सुदर्शन ने अभी तक भारत के लिए टेस्ट डेब्यू नहीं किया है. अब उनके पास मौका होगा कि अगर उन्हें नंबर 4 पर खेलने को मिलता है तो वो टीम इंडिया के लिए शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

भारतीय टीम से एक और स्टार खिलाड़ी का कटेगा पत्ता? कोच गंभीर के सामने कठिन फैसला

नई दिल्ली,ए.। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होगा. टीम इंडिया के खिलाड़ी पहले ही इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुके हैं और अभ्यास मैच में भाग ले रहे हैं. टीम इंडिया नए कप्तान के साथ टेस्ट सीरीज खेल रही है. युवा खिलाड़ी शुभमन गिल को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है. ऋषभ पंत ने उपकप्तान की जिम्मेदारी संभाली है। इस बार भारत किसी भी कीमत पर इंग्लैंड की धरती पर जीत हासिल करने के लिए तैयार है. इससे पहले उन्होंने 2007-2008 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती थी. उसके बाद से भारत पिछले 17 मैचों में कोई सीरीज नहीं जीत सका है. अगर भारत इस बार सीरीज जीतता है तो यह एक रिकॉर्ड होगा. इसके अलावा शुभमन गिल इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने वाले चौथे कप्तान बन जाएंगे। इस बीच कोच गंभीर अंग्रेजों को हराने के लिए एक मजबूत भारतीय टीम उतारने की तैयारी कर रहे हैं. इस बात पर चर्चा हो रही है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की जगह कौन लेगा. इस बीच कोच गंभीर एक और वरिष्ठ भारतीय खिलाड़ी को झटका देने की तैयारी में हैं. इस बार कोच गंभीर अंग्रेजों को उनकी ही धरती पर हराने की तैयारी में हैं. वो इसके लिए एक अच्छी और मजबूत टीम तैयार करने की योजना बना रहे हैं. कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो इस बात की संभावना है कि सीनियर और अनुभवी ऑलराउंडर को इसके लिए अंतिम टीम से बाहर कर दिया जाएगा. ऐसा कहा जा रहा है कि ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को इस सीरीज से बाहर रखा जा सकता है। रवींद्र जडेजा कई वर्षों से भारतीय टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं. विशेषकर भारतीय उपमहाद्वीप में वह अपनी स्पिन गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. हालांकि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी विदेशी धरती पर गेंदबाज के तौर पर जडेजा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। जडेजा ने पिछले पांच वर्षों में विदेश में खेले गए 13 टेस्ट मैचों में उन्होंने 37.22 की औसत से गेंदबाजी की है. यह उनके पूरी गेंदबाजी औसत (24.14) से अधिक है. उनकी बल्लेबाजी में सुधार हुआ है लेकिन स्पिनर के रूप में वह टीम को आवश्यक विकेट दिलाने में संघर्ष कर रहे हैं. इस पृष्ठभूमि में उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर को चुने जाने की संभावना है. वाशिंगटन सुंदर का विदेश में अच्छा रिकॉर्ड है. बॉर्डर गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से चमक बिखेरी. वो अच्छे फॉर्म में हैं और उनसे इंग्लैंड में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

सीडीओ के.के. पाण्डेय को जिला प्रशासन ने दी भावभीनी विदाई

सम्मान समारोह में उनके कार्यकाल में कराये गए विकास कार्यों की हुई सराहना

जनपद बस्ती में ज्वांइट कमिश्नर बनाये गए सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय

ललितपुर। सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय का जनपद बस्ती में ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर स्थानान्तरण होने के उपलब्ध में कलैक्ट्रेट सभागार में डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डीएम ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी मुख्य विकास अधिकारी के साथ कार्य किया है, वहां वे पीडी के पद पर तैनात थे। उन्होंने कभी आराम नहीं किया है, हमेशा मेहनत और दूरदर्शिता के साथ कार्य करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में तीन विंग-विकास, राजस्व ओर पुलिस विंग ने आपसी समन्वय के साथ कार्य किया है, जिसका श्रेय सीडीओ, एडीएम और पुलिस विभाग को जाता है। हम सभी आशा करते हैं कि आप जहां रहें, अपने मार्गदर्शन से विकास के नये-नये आयाम स्थापित करें और स्वस्थ्य रहें। एडीएम ने कहा कि सीडीओ ने अपने कार्यकाल में ललितपुर में जो कार्य किये हैं, वे आज हम सभी धरातल पर देख रहे हैं, सीडीओ की सबसे महत्वपूर्ण बात उनकी सहजता और सरलता है, वे जिस तहर से हर एक अधिकारी और कर्मचारी से कार्य कराते हैं, वह अद्भुत है, आज तक किसी को कार्य करने में बोझ या तनाव महसूस नहीं हुआ है। एडीएम न्यायिक ने कहा कि सीडीओ ने जनपद में अनेकों विकास कार्य कराये हैं, जो आज जिले के अधिकारी और जनता के सामने हैं। उन्होंने सीडीओ को जेडीसी बनने पर बधाई दी। नवागंतुक सीडीओ शेषनाथ चौहान ने कहा कि आज बहुत अच्छा अवसर है कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से एक साथ मिलने का अवसर मिला है, उन्होंने बताया कि निवर्तमान सीडीओ से 1 घण्टे की मुलाकात में ही उनके द्वारा जिले की पूरी पृष्ठभूमि और प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी दी है। यह उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि डीएम के निर्देशन और उनके नेतृत्व में सभी विकास कार्य तीव्र गति से कराये जायेंगे। सीडीओ के.के.पाण्डेय ने कहा कि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनैतिक रही है, इसलिए वे लोगों की समस्याओं को भलीभांति समझते हैं।

सरकारी सेवाओं में आने से पहले वे अधिकतर लोगों के बीच रहा करते थे और उनकी समस्याओं पर चर्चा करते थे। उनकी पहली नियुक्ति के दौरान उनके बडे भाई और उनके सहकर्मियों ने उनका बहुत साथ दिया, उन्होंने अधिकांश कार्य अपने परिवारजनों और सहकर्मियों से सीखा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के उत्कृष्ट निर्देशन और नवाचार की सोच से जनपद में अनेकों विकास कार्य करने का मौका मिला है। इसी का परिणाम है कि जिले में खेल मैदान, नदी नालों का पुनरुद्धार, पार्क, अमृत सरोवर, मियावाकी वृक्षारोपण जैसे नवाचार आज धरातल पर दिखायी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जितना सरल और सहज होकर कार्य करते हैं, परिणाम उतने ही सकारात्मक आते हैं।

अपर आयुक्त ने तहसील न्यायालयों का किया निरीक्षण

पांच वर्ष से अधिक पुरानी पत्रावलियों का अवलोकन कर शीघ्र निस्तारण के दिये निर्देश

राजस्व परिषद हेतु निर्धारित 47 बिंदुओं की समीक्षा कर प्रगति बढ़ाने के दिये निर्देश

ललितपुर। शासन की मंशानुसार राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण और आमजन को मिलने वाली जनसुविधाओं को और सुगम बनाने के साथ-साथ प्रशासनिक सुधार हेतु से अपर आयुक्त झांसी मण्डल प्रियंका सिंह ने तहसील ललितपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कोर्ट, उप जिलाधिकारी कोर्ट, तहसीलदार व नायब तहसीलदार कोर्ट के कार्यों को देखा। उन्होंने प्रशासन के कार्यों, न्यायालयों, अनुभागों, पटलों का मुआयना किया और तहसील में 5 वर्ष के अधिक की पत्रावलियां देखीं तथा लम्बित वादों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त ने तहसील में खतौनी वितरण, लेखपाल के बोर्ड ऑफ रेवेन्यू द्वारा निर्धारित 47 बिंदु की प्रगति की समीक्षा कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी कक्षों का निरीक्षण कर उचित साफ-सफाई, पत्रावलियों को मानक के अनुरुप अद्यतन रखने व तहसील में जन-सामान्य के बैठने, पेयजल, जन-प्रसाधन हेतु समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उन्होंने राजस्व वादों की समीक्षा की, निरीक्षण के समय आरसीएमएस पटल पर वादों की समीक्षा की गयी, आरसीएमएस पोर्टल पर पत्रावलियों में की जाने वाली प्रतिदिन की कार्यवाही का आरसीएमएस पोर्टल पर अपडेशन करने हेतु तहसीलदार ललितपुर को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी। जन-सामान्य के बैठने, पेयजल, जन-प्रसाधन, की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूशण प्रताप, तहसीलदार व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

अपाचे सवार बदमाशों पर बकरियां चोरी कर ले जाने का आरोप

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के छिल्ला गांव में सिद्ध बाबा मंदिर के पास दो महिलाएं बकरियां चरा रही थीं, तभी दिनदहाड़े दो अज्ञात युवक एक अपाची और दूसरी बाइक पर सवार होकर पहुंचे और महिलाओं को धक्का देकर जबरन लाल रंग की बकरी छीनकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना को कबूतरा जाति के दो लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया है, जो पहले से शराब बेचने जैसे अवैध धंधों में लिप्त हैं। करीब एक माह पूर्व भी इसी तरह बकरी छीनने की घटना सामने आई थी। पीड़ित महिलाओं ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, हालांकि जिन लोगों के नाम दिए गए थे, उनसे महिलाओं की पहचान कराई गई, लेकिन वे आरोपी नहीं निकले। घटना में शामिल युवक अज्ञात थे। हाल ही में एक वृद्ध महिला की सोने की पुगरिया ठपेबाजी का मामला भी क्षेत्र में सामने आया था। लगातार बढ़ती इस तरह की वारदातों ने ग्रामीणों में भय और गुस्से का माहौल बना दिया है।

जाखलौन के घरेलू नलों में दो दिन से नहीं आया पानी

जाखलौन (ललितपुर)। कस्बा जाखलौन के मुहल्ला इंद्र अखाड़ा, स्टेशन रोड, पाली तिराहा, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय और मैन बाजार सहित आधी आबादी को पेयजल मुहैया नहीं हो रहा है। कस्बे में लगे जल संस्थान के घरेलू नलों में पिछले दो दिनों से लगातार पानी की एक बूंद भी नहीं आ रही है जिससे येसी गर्मी के मौसम में पेयजल को लेकर लोगों का हाल बेहाल है। कस्बे के लोगों का कहना है कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है किन्तु समस्या का कोई समाधान नहीं कराया गया है और न घरेलू नलों में पानी दिया गया है जिससे इस जून माह में पानी की समस्या को लेकर लोगों का बुरा हाल है। जनहित में जिलाधिकारी से संज्ञान लेकर कस्बे के लोगों ने पेयजल मुहैया कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की मांग की गई है।

डिस्को राजा से मारपीट का मामला दर्ज

ललितपुर। महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर निवासी डिस्को राजा पुत्र सन्तोष सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि सोमवार को जब वह सिलावन पहुंचा तो वहां रास्ते में ग्राम छायन निवासी साहब सिंह पुत्र सिंदपाल सिंह, इनके साले जयसिंह पुत्र सोने जू अपने तीन अज्ञात लोगों के साथ मोटर साइकिलों से आये और ड्राईवर को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर मौके पर शिवमंगल सिंह, सुरेश कुमार व वली हुसैन भी आ पहुंचे, जिन्हें देखकर उक्त लोग भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

महिला ने पड़ौसी पर लगाया मारपीट का आरोप

ललितपुर। नगर के मोहल्ला झांसीपुरा निवासी रामा पत्नी अशोक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ जून को शाम करीब साढे चार बजे वह अपने घर पर थी। तभी पड़ौस में रहने वाला सूरज पुत्र राजकुमार उसकी पुत्री को बिना कारण गालियां दे रहा था, जिसे सुनकर वह मौके पर पहुंची तो सूरज उसे भी गालियां देने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त सूरज ने उसके साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आयी उसकी पुत्री व पति के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

जमीनी विवाद को लेकर एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम बुढ़वार निवासी भजनलाल पुत्र कनई कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 7 जून को सुबह 9 बजे प्रीतम पुत्र कनई पत्नी रति, मोहित, दयाराम, विमला, विकास ने एकराय होकर जमीनी विवाद को लेकर गालियां दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि लाठी-डण्डों के अलावा कुल्हाड़ी की मूंद से भी हमला किया गया, जिसमें पीड़ित के सिर में गंभीर चोटें आयीं। बताया कि उसकी नवविवाहित पुत्री ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। पत्नी हरीबाई बचाव करने आयी तो उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। वीडियो बना रहे बच्चों से मोबाइल छीनकर फोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

थाना महरौनी पुलिस व स्वाट टीम की बड़ी कामयाबी

ललितपुर। जिले की महरौनी थाना पुलिस एवं स्वाट टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 25 हजार रुपये के इनामी और कई मामलों में वांछित अपराधी विसदेव आदिवासी को एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। यह कार्रवाई एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के नेतृत्व व एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में की गई।

घटना का विवरण

अभियुक्त विसदेव आदिवासी, निवासी टीकमगढ़ (म.प्र.), हाल निवासी कंचनपुरा थाना महरौनी बीती 19 मई 2025 को दर्ज एक गंभीर मारपीट के मामले में गिरफ्तार कर ललितपुर जिला कारागार लाया जा रहा था।

संस्था के कमाल कैम्प में बच्चों का उत्साह देखते ही बना

विकास खण्ड जखौरा के कई विद्यालयों में आयोजित किया गया शिविर

ललितपुर। स्थानीय एक संस्था ने संचालित कमाल का कैम्प की गतिविधियों के तत्वाधान मे ब्लॉक जखौरा में गर्मियों की छुट्टियों में जो शासन द्वारा कमाल का कैंप लगवाया गया है। उसमे अनुदेशकों और शिक्षामित्रों एवं बच्चों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक कैंप को सफल बनाया। जिसमे पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प लगाए गए। जिसमे बच्चों के द्वारा तरह तरह की गतिविधिया एवं खेलकूद के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को मिला। विद्यालय मे कैंप की हर दिन की अलग अलग गतिविधियां थी, जिसमे सप्ताह एक मे वार्म-अप और बच्चों का मूल्यांकन कराया गया।

बच्चों ने योगा से लेकर तरह तरह की गतिविधियां की एवं बच्चों की प्रतिभा को जांचा परखा गया। दूसरे सप्ताह से पाँचवे सप्ताह तक कमाल के कैंप की गतिविधियों में गणित के प्रोजेक्ट कार्य बच्चों को भिन्न प्रकार की गणित से संबंधित गतिविधियां कराई गई और बच्चों ने नई नई रोचक कहानियो के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को समझा। माथा पच्ची वाले खेलों को भी बच्चों में साझा किया गया। पांचवे सप्ताह में जो बच्चों के द्वारा गणित के मॉडल बनाए गए उसकी प्रदर्शिनी भी लगाई गई। छात्राओं को मेंहदी लगाना, सिलाई कड़ाई करवाना प्लास्टिक की नेट पर ऊन के द्वारा कलाकृति उकेरना, ब्यूटी पार्लर से संबंधित गतिविधियां सिखाई गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिर्चवारा मे रीडिंग कैम्पेन के माध्यम बच्चों को पढ़ाया गया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गेंचवारा में बच्चों की योग प्रतियोगिता कराई गई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरुषकार दिया गया है। पी.एम. मैनवारा में समर कैंप में विभिन्न कार्यक्रम कराये गए।

कम्पोजिट बमहोरीकलां पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में बच्चों को मेंहदी एवं ऊन से तरह तरह की कलाकृतियां सिखाई गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिवनीखुर्द, कम्पोजिट गोरा, उच्च प्राथमिक बरौदास्वामी, उच्च प्राथमिक भड़रा, विनेकामाफी, लागौन, रानीपुरा, पी.एम. श्री मनगुआ सिलगन, जिजयावन, दावनी, मडवारी, कम्पोजिट बुड़वार, महेशपुरा, आलापुर, पंचमपुर, देवरी, किसलवास, खडेरा, मसौराखुर्द, मसौराकलां, कम्पोजिट जमौरामाफी, कुआतला, नौहरकलां, रोड़ा, हर्षपुर में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधिया सम्पन्न कराई गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय विनेकामाफी में गणित किट का प्रदर्शन किया गया। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य मे कैंप वाले सभी विद्यालयों में वृक्षारोपण पेंड पौधो को सहेजना एवं पर्यावरण के बारे में चर्चा की गई और कैंप के बीच बीच में अधिकारीगणों ने कैंप का अवलोकन किया एवं विद्यालय में अच्छा कार्य करने वालों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

अंतिम सप्ताह अंतिम दिन में कैंप का विद्यालयों मे समापन किया गया जिसमें समापन समरोह मे ग्राम प्रधान, ग्राम के सम्मानित नागरिकों एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं समस्त अनुदेशकों, शिक्षामित्रों सभी ने मिलकर इस कैंप के समापन में भाग लेकर कमाल के कैंप को सफल बनाया और बच्चों के द्वारा विगत दिनों से लगे हुए कैंप में जो गतिविधि हुई उसकी प्रदर्शनी को भी प्रदर्शित किया गया एवं बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार भी दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी भुवनेन्दु अरजरिया ने कैंप को सफल बनाने मे सभी की भूरी भूरी प्रशंसा की।

ब्लाक प्रमुख पर मिट्टी का अवैध खनन करने का आरोप

भाजपा सेक्टर संयोजक ने अपर जिलाधिकारी को भेजा पत्र

ललितपुर। शासन स्तर से रोक लगी होने के बाद भी खनन माफिया अवैध ढंग में मिट्टी का खनन करते हुए खुलेआम और धड़ल्ले के साथ सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं। परंतु कोई भी विभाग अवैध खनन के गोरखधंधे पर हाथ डालने को तैयार नहीं है, जिससे मिलीभगत या सियासी दबाव होने को लेकर लोगों में खूब चर्चा चल रही हैं। यह बात आज उस समय चरितार्थ हो गयी, जब भारतीय जनता पार्टी के महरौनी मण्डल से सेक्टर संयोजक विक्रम सिंह तोमर ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा।

पत्र में उन्होंने सरकारी तालाब से अवैध तरीके से मिट्टी का खनन किये जाने का गंभीर आरोप लगाया है। बताया कि मड़ावरा ब्लाक प्रमुख विगत दो माह से ग्राम साढूमल में रात-दिन सरकारी तालाब से मिट्टी का अवैध खनन बेखौफ होकर कर रहे हैं।

बताया कि इनके द्वारा भारी मात्रा में मिटटी का अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा है। लेकिन सत्ता संरक्षण होने के चलते इन पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। अब उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। बताते चलें कि मिट्टी खनन में लगी ट्रॉलियां बिना नंबर प्लेट और बिना व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन के प्रयोग में लाई जा रही हैं। ऐसे में प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सड़कों पर अवैध मिट्टी से भरी ट्रॉलिया दिन रात दौड़ती नजर आती हैं। क्षेत्र में चारों तरफ अवैध मिट्टी का व्यापार हो रहा है। कुछ दिन पहले आसपास गांव में ग्रामीणों ने अवैध खनन का विरोध करते हुए डंपरों को रोकने का प्रयास भी किया था। लेकिन कार्यवाही न होने के कारण अवैध खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं और अब फिर से अवैध खनन का कारोबार जोरों पर चल रहा है। मड़ावरा थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें सत्तादल का नेता होने के कारण पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है। कई गांवों में खनन माफिया खेतों की छाती चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

महिला उत्पीडऩ की घटनाओं व पीड़ित को मिलेगा त्वरित न्याय

महिला जनसुनवाई का आयोजन आज

सीएचसी व पीएचसी, बालिका-महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का होगा निरीक्षण

ललितपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीडऩ की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता हेतु 11 जून 2025 को सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका, महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडऩ की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीडऩ की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में सदस्या अर्चना पटेल की अध्यक्षता में 11 जून 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

वेटलैंड के संरक्षण के लिए तैयार करें कार्य योजना: कश्यप

छत्तीसगढ़ में वेटलैंड संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रायपुर, कासं.। छत्तीसगढ़ के वेटलैंड के संरक्षण और इससे होने वाले पर्यावरणीय लाभ तथा सामाजिक आर्थिक पहलुओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य और अपर मुख्य सचिव वन, ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में एक निजी होटल में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विभाग के अधिकारियों को वेटलैंड (आर्द्रभूमि) के संरक्षण, प्रबंधन और उचित उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यशाला में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, विशेषज्ञों से मिले मार्गदर्शन से राज्य में वेटलैंड संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। वेटलैंड को अधिसूचित किया जाए और इनके समुचित उपयोग से आजीविका बढ़ाने की दिशा में कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा, कार्यशाला राज्य के वेटलैंड संरक्षण प्रयासों को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। अपर मुख्य सचिव वन, ऋचा शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा और उद्देश्यों को साझा करते हुए शुरुआत की। वेटलैंड इंटरनेशनल साउथ एशिया के निदेशक डॉ. रितेश कुमार ने वेटलैंड संरक्षण नियम 2017 और एकीकृत विकास योजना पर जानकारी दी। कार्यशाला में अन्य विशेषज्ञों ने भी महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की। अनिरुद्ध कुलकर्णी ने वेटलैंड नियमों के उल्लंघन पर कानूनी पहलुओं और डॉ. मुर्गानंदन ने वेटलैंड इन्वेंटरी पर व्याख्यान दिया। डॉ. गोल्डन क्वाड्रोस ने सामुदायिक संरक्षण पर चर्चा की। इसी तरह डॉ. मनोज पी. सैमुअल ने वेटलैंड गवर्नेंस और डॉ. अमित दुबे ने उपयुक्त वेटलैंड चयन व विकास पर अपने सुझाव दिए। डॉ. जयश्री वेंकटेशन ने वेटलैंड के ऑनलाइन उपयोग पर प्रस्तुति दी। प्रो. माधव गाडगिल ने वेटलैंड की पारिस्थितिकी पर अपने विचार रखे। डॉ. दिनेश मरोठिया ने वेटलैंड के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं को समझाया। कार्यशाला में प्रमुख वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव, राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के सदस्य सचिव राजेश चंदेले, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, एनजीओ, वेटलैंड मित्र, शिक्षाविद उपस्थित रहे। कार्यशाला में सभी जिलों के कलेक्टर ऑनलाइन शामिल हुए।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर,कासं.। टिकरापारा और धरसींवा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बोरियाखुर्द निवासी दीपक यादव 43 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजेड 3746 को गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं ग्राम नेउरडीह निवासी कमलेश कुर्रे 35 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनयू 7261 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

एटीएम से 35 हजार पार

रायपुर,कासं.। टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया एटीएम से अज्ञात चोर ने 35 हजार रुपए ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुमार मिश्रा 38 वर्ष हीरापुर कालोनी कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी पत्नी के बैंक खाता में पैसा जमा करने के लिए टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन में गया जहां 35 हजार जमा किया और बिना कंफर्म बटन दबाए बाहर आ गया। जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम मशीन में जाकर कैंसल बटन दबाकर 35 हजार रुपए रुपए निकाल कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर,कासं.। हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप पटेल 38 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 88 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर,कासं.। टिकरापारा पुलिस ने कालोनी फेस 2 बिजी खंबा के पास जुआ खेलते 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1 लाख 54 हजार रुपए पार कर दिया।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

ग्वालियर। नगर निगम सीमांतर्गत बरसात से पूर्व सभी नालों की सफाई कराने के साथ ही नालों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की कार्यवाही करें। जिससे बरसात में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि शहर में नालों पर किए गए अतिक्रमण को अभियान चलाकर 30 जून 2025 तक हटाने की कार्यवाही करें। बैठक में समग्र ई केवायसी की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त की तथा अभियान चलाकर समग्र ई केवाईसी का कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए तथा संबंधित अधिकारी प्रतिदिन समग्र ई केवायसी की मॉनिटरिंग करें जिससे 30 जून तक 50 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि 15 जून तक मई माह की शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण कराएं जिससे इस बार रैंकिंग अच्छी आये। साथ ही निर्देशित किया कि 50 दिवस से अधिक दिन की शिकायतें लंबित न रहे, इन पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में निगम के सभी भवनों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि बरसात के दौरान कहीं भी जलभराव न हो इसके लिए अभी से जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि बरसात से पहले सड़कों पर सीवर व पानी की लाइन के जो भी कार्य करना हैं वह कर लें, बरसात के दौरान कहीं भी सडक न खोदी जाए तथा खराब सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य भी 30 जून तक पूर्ण करें। बैठक के दौरान पौधा रोपण की रूपरेखा बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रभावी रूप से कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

मेट्रो टॉवर रहवासी संघ ने लिफ्ट की जांच के लिए निगमायुक्त को दिया आवेदन

ग्वालियर। मेट्रो टॉवर रहवासी संघ के नागरिकों द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय को जनसुनवाई में आवेदन देकर आग्रह किया कि मेट्रो टॉवर में संचालित हो रही जर्जर लिफ्ट की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिस पर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान मेट्रो टॉवर रहवासी संघ की ओर से श्री संजय त्रिपाठी, श्री ऋषि कुमार कटारे सहित अन्य रहवासियों ने निगमायुक्त से आग्रह किया कि मेट्रो टॉवर में पांच लिफ्टों का संचालन नगर निगम के प्रमाण पत्र के बिना किया जा रहा है। जिसकी जांच कराई जाए एवं संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही वार्ड 19 गोले का मंदिर निवासी श्रीमती विश्रुता शर्मा ने आवेदन देते हुए बताया कि अमलताश कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर अनाधिकृत लोगों द्वारा अतिक्रमण कर झुग्गी झोंपडी बना ली हैं आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 64 पुरानी छावनी निवासी श्री अनिल ने शासकीय भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में, वार्ड 62 वीरपुर निवासी श्रीमती दुर्गादेवी ने आवेदन देते हुए बताया कि भू-माफियाओं द्वारा वार्ड 62 में अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 54 मिस्त्री खाना चना कोठार निवासी श्री कौशलेन्द्र सिंह भदौरिया ने नामांकन निरस्त होने के बाद शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के संबंध सहित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने निगमायुक्त को दिये। निगमायुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

चेतकपुरी पेट्रोल पंप से मांडरे की माता चौराहे से होते हुए हजार बिस्तर हॉस्पिटल तक चलाया स्वच्छता अभियान

ग्वालियर। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत चेतकपुरी पेट्रोल पंप से मांडरे की माता चौराहे से होते हुए हजार बिस्तर हॉस्पिटल तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर की वायु सुधार हेतु अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत आज नगर पालिक निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन एवं संस्था डिवाईन द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत चेतकपुरी पेट्रोल पंप से मांडरे की माता चौराहे से होते हुए हजार बिस्तर हॉस्पिटल तक का कार्य किया गया एवं दुकानों पर जागरूकता के लिए पम्पलेट्स भी लगाए गए और समझाइश दी गई। इसमें डिवाइडर और फुटपाथ के आस पास की मिट्टी और कचरा साफ करवाया गया, रोड पर सभी आमजनों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा न जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया, कचरा डस्टबिन में ही डालने हेतु जुर्माना सम्बन्धी बोर्ड और स्टीकर लगाए गए। अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कार्य करते जलीय संरचनाओं के आस पास साफ सफाई का अभियान चलाया गया। जिसमे टीम के द्वारा जलीय संरचनाओं के आस पास एवं किनारों पर साफ सफाई एवं जल में तैरते अपशिष्ट को निकाला गया एवं सौंदर्यकरण करवाया गया। टीम द्वारा जनसाधारण को भी जल प्रदूषण के रोकथाम के लिए उपाय बताते हुए स्वच्छता का संकल्प दिलवाया गया।

तानसेन होटल से राजमाता चौराहा तक नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम आज

नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत सुबह 7 बजे से दिनांक 11 जून 2026 को तानसेन होटल से राजमाता चौराहा तक जन भागीदारी द्वारा वायु सुधार कार्यक्रम हेतु साफ सफाई कर नागरिकों को जागरुक किया जाएगा।

शहर में संचालित शासकीय एवं अशासकीय स्विमिंग पूलों को कराना होगा निगम के खेल विभाग में पंजीयन

निरीक्षण में पंजीयन न मिलने पर दिया नोटिस

ग्वालियर। नगर निगम सीमान्तर्गत आने वाले समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्थलों जैसे स्कूलों, होटलों, क्लबों, सस्थाओं, एजेंसियों, मैरिज गार्डनों आदि पर संचालित तरण तालों को निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति कराये जाने हेतु निगम के जांच दल द्वारा निरीक्षण कर नोटिस जारी किये गए। निरीक्षण के दौरान समिति सचिव डॉ. वैभव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जांच समिति के सदस्य एवं सहायक खेल अधिकारी श्री अयोध्या शरण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में शासकीय एवं अशासकीय स्थलों पर संचालित तरण तालों के निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत समिति के सदस्यों द्वारा खुरैरी में बंशी वाटर पार्क, भारत वाटर पार्क, ठाकुर बाबा रिसोर्ट, इम्पीरियल रिसोर्ट डबरा रोड, विलायती रेस्टोरेंट, हवेली रेस्टोरेंट, कोकीना रेस्टोरेंट, जीवाजी क्लब, जीवायएमसी क्लब आदि का निरीक्षण कर तरण ताल के लिए दी जानी वाली एनओसी एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा। समिति द्वारा संबंधित तरण तालों को नोटिस जारी कर सात दिवस में निगम के खेल विभाग से एनओसी लेने के लिए नोटिस जारी किया गया। इस अवसर पर श्री आनंद नामदेव सहित जांच समिति के सदस्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

गंदगी फैलाने पर भैंस डेयरी संचालक से वसूला जुर्माना

ग्वालियर। शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है, जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड 45 जिंसी नाला नम्बर दो थोराट की गोट में अवैध डेयरी संचालित मिलने एवं सडक पर गोबर फैंकने पर संचालक से 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया एवं सफाई रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतर्गत भवन निर्माण सामग्री सडक पर डालने पर संबंधित से 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्र क्रमांक 11 श्री अनिल श्रीवास्तव, जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

थाना ग्वालियर पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही में दो शराब तस्करों को पकड़कर उनसे देषी शराब के कुल 630 क्वाटर किये जप्त

ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी ग्वालियर श्री कृष्णपाल सिंह के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ग्वालियर निरी0 मिर्जा आसिफबेग के द्वारा थाना बल की टीम को अवैध शराब का व्यापार करने वालों खिलाफकार्यवाही करने हेतु लगाया गया। आज दिनांक 10.06.2025 को पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी क्रं0- एमपी-07-जेडजी-3989 से अवैध शराब बैचने के लिये सोना गार्डन के पीछे से ले जा रहा है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा सोना गार्डन के पीछे जाकर देखा तो मुखबिर के बताये हुलिया का एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी को लेकर आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा धेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति की स्कूटी पर रखी दो प्लास्टिक की सफेद रंग बोरियों को खोलकर चेक किया तो दोनों बोरियों में कुल 300 क्वाटर देशी प्लेन शराब कीमती करीबन 21,000/- रुपये की रखी मिली। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को बजरिया गोसपुरा न.01 जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। उक्त व्यक्ति का यह कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से उसके पास से मिले देशी प्लेन शराब के 300 क्वाटर तथा सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी क्र0-एमपी-07-जेडजी-3989 को विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये शराब तस्कर के खिलाफथाना ग्वालियर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार दूसरी कार्यवाही में दिनांक 10.06.2025 को थाना ग्वालियर की पुलिस टीम को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान यादव धर्मशाला के पास एक बिना नम्बर की मोटर सायकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति तीन प्लास्टिक की बोरियों में कुछ सामान भरे आते हुये दिखे, जिन्होने पुलिस टीम को देखकर मोटर सायकिल लेकर भागने का प्रयास किया, पुलिस टीम द्वारा भाग रहे मोटर सायकिल सवार व्यक्तियों को भागकर पकड़ने का प्रयास किया तो पीछे बैठा हुआ व्यक्ति मय बोरियों के नीचे जमीन पर गिर गया तथा मोटर सायकिल चालक मय मोटर सायकल के लधेडी तरफभाग गया। पुलिस टीम द्वारा गिरे हुये व्यक्ति को पकड़कर उससे उसका नाम पता पूछा तो उसने स्वयं को गुदडी मौहल्ला थाना ग्वालियर का रहने वाला बताया। ग्वालियर पुलिस उक्त पकड़े गये व्यक्ति के पास से मिली तीनों बोरियों को खोलकर चेक किया तो उनमें 330 क्वाटर सफेद देषी शराब कीमती लगभग 26,400/- रूपये के रखे हुये मिले।

कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 159 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई

ग्वालियर। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 159 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। संयुक्त कलेक्टर श्री विनोद सिंह व श्री सुरेश कुमार बरहादिया एवं एसडीएम मुरार श्री नरेश कुमार गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी की समस्यायें सुनीं। साथ ही लोगों के आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 159 आवेदनों में से 75 दर्ज किए गए। शेष 84 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक समयसीमा में पहुंचे

मुरैना,कांस। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मैदानी क्षेत्र में चलने वाली योजनाओं का लाभ जो व्यक्ति पात्र है उनको मिले, इसके लिये स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी पूरे प्रयास करें। योजना में प्रगति कम पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री ओपी पाण्डे, सिविल सर्जन, संभागीय समन्वयक श्री रजनीश सक्सेना, बीएमओ सहित समस्त स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मातृ स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, नवजात शिशु सुरक्षा इकाई, एनीमिया मुक्त भारत अभियान आदि विभागीय योजनाओं पर समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अनमोल एएनसी रजिस्ट्रेशन विकासखण्ड अम्बाह और पहाडगढ़ में कम किए गये है और अनमोल पोर्टल पर बिना समग्र आईडी के रजिस्ट्रेशन न होने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने समस्त बीएमओ एवं सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वर्ष 2024-25 में गर्वभति महिलायों एवं डिलीवरी का डेटा एकसाथ उपलब्ध हो एवं एएनसी से बाहर की गई महिलायों की जानकारी भी इसी में सम्मिलित हो।यह निर्देश उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। जिसमें कई स्थानों पर टीकाकरण का आंकड़ा बहुत कम पाया गया, उन्होंने समस्त बीएमओ को निर्देश दिये कि एएनएम के माध्यम से अभियान चलाकर उन स्थानों पर भी टीकाकरण कराया जाये, जहां लक्ष्य कम पाया गया है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये कि रामपुरकलां और पहाडगढ़ क्षेत्र के ग्रामों में विगत 05 वर्षो में चिकनगुनिया, मलेरिया फैला हुआ था, उन गांवो की सूची के अनुसार वहां स्वच्छता का प्रयास करें। जिसमें कीटनाशक दवा का छिड़काव, अवेयरनेस और स्वच्छता अभियान चलावें। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों के सीएमओ अपने-अपने क्षेत्र में 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड बना रहे है, इसके लिये उन्हें टीएल बैठक में निर्देश दिये जा चुके है। समस्तम बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करायें। कलेक्टर ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत विस्तार से समीक्षा की। बैठक में संभागीय समन्वयक श्री रजनीश सक्सेना ने जिले की कवरेज रिपोर्ट की जानकारी दी तथा बताया कि प्रदेश द्वारा जारी एएमबी प्रोग्राम की नई गाइडलाइन के अनुसार 6 माह से 3 साल के सभी बच्चों को घर-घर जाकर एक-एक आयरन सिरप की बोतल आशा और आंगनवाड़ी वर्कर द्वारा देना है। 3 साल से 5 साल के सभी बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पिलाई जाना है। सभी शासकीय स्कूल खुलने पर आयरन की गुलाबी और नीली गोली आशा के द्वारा पहुंचानी है, जिसकी मॉनीटरिंग सीएचओ, एएनएम द्वारा की जाएगी।

सभी ब्लॉकों में एसडीएम की अध्यक्षता में कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये।

पहाड़ गढ़ के घाड़ौर गांव में लगाया गया इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप

एच आई वी की जानकारी ही है, इस का बचाव- संदीप सेंगर

मुरैना,कांस। पहाड़ गढ़ ब्लॉक के ग्राम घाड़ौर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मंगलवार को इंटीग्रेटेड हेल्थ का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल ऑफिसर डॉ अजय डंडोतिया द्वारा ग्राम वासियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वहीं आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर द्वारा कैंप में आए हुए लोगों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरुक करते हुए एचआईवी संक्रमण होने के चार कारणों को विस्तार से समझाया तथा एच आई वी संक्रमण के बचाव हेतु सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि एचआईवी की जानकारी ही इसका बचाव है, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहना चाहिए एवं बीमारी के समय आवश्यकता पड़ने पर लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंक से जांच किए हुए रक्त का ही इस्तेमाल करना चाहिए एवं हर बार नई डिस्पोजेबल सुई व सिरिंज का ही इस्तेमाल हमारे साथ किया जाए इस हेतु हमें जागरूक रहना चाहिए तथा गर्भावस्था के दौरान एचआईवी की तीन माह के अंतराल पर जांचें कराते रहना चाहिए। शिविर में उपस्थित लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र सिंह बंसल द्वारा लगभग 50 लोगों की एचआईवी,सिफलिश, हेपेटाइटिस बी-सी की जांचे की गई तथा एस टी एस दिनेश तिवारी एवं एस टी एल एस रणवीर गोयल द्वारा लोगों को टी वी रोग के प्रति जागरुक करते हुए टीवी मुक्त भारत हेतु शपथ दिलाई गई एवं टीवी लक्षण वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर उन के स्पूटम कलेक्शन हेतु कंटेनर प्रदान किए गए इस अवसर पर सी एच ओ श्रीमती अंजू कुशवाहा द्वारा बी पी,सुगर आदि की जांचें करते हुए डॉ अजय डंडोतिया द्वारा मरीजों को लिखी गई दवाईयों का वितरण किया गया शिविर में आई सी टी सी सिविल हॉस्पिटल जोरा के परामर्शदाता संदीप सेंगर सहित वन स्टॉप सेंटर संस्था के सेंटर मैनेजर गंगाराम बंजारा, काउंसलर श्रीमती प्रीति बघेल,टी आई परियोजना के ओ आर डब्लू शिवम् चौहान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती राजकुमारी यादव, श्रीमती गीता यादव,आशा कार्यकर्ता श्रीमती जानकी जाटव, विमला जाटव अनिला कुशवाहा आदि मौजूद थी ।

श्रद्धाभाव से आज मनाई जाएगी अमर शहीद बिस्मिल की 128वीं जयंती

डाइट में हवन पूजन के साथ बिस्मिल के अभिषेक से शुरू होगा कार्यक्रम

मुरैना,कांस। काकोरी कांड के अमर नायक, चंबल माटी के गौरव पं. रामप्रसाद बिस्मिल की आज 128वीं जयंती श्रद्धा, राष्ट्रप्रेम और संस्कृति के संगम के रूप में मनाई जाएगी। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की आज 128वीं जयंती पर मुख्य कार्यक्रम डाइट परिसर स्थित शहीद मंदिर पर आठ बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरैना श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि महापौर शारदा सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व विधायक रघुराज कंसाना, महामंत्री अरविंद सिंह सिकरवार गुड्डुआ विशेष तौर पर शामिल रहेंगे। जहां सभी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन करेंगे। सबसे पहले बिस्मिल के अनुयायियों द्वारा सुबह मंदिर परिसर की साफ सफाई की जाएगी और साज सज्जा कर प्रतिमा का चंबल क्षेत्र की सभी नदियों के पवित्र जल से अभिषेक किया जाएगा। इनके बाद माल्यार्पण कर आरती की जाएगी। अतिथियों द्वारा इस मौके पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा। साथ ही शहीद बिस्मिल संग्रहालय पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

युवा पीढ़ी को प्रेरित करने होंगे कई कार्यक्रम

युवा पीढ़ी को बिस्मिल जी के कृतत्व व जीवन आदर्श और महान क्रांतिकारी की विरासत से परिचित कराने यह आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों एवं समाजसेवियों और प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पौधारोपण व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। शहर के प्रबुद्ध वर्ग, शिक्षक, समाजसेवियों से राष्ट्र नायक के सम्मान में कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई है। अपील करने वालों में डॉ एसपीएस तोमर, डॉ एसपीएस तोमर, डॉ नरेश सिंह सिकरवार, अशोक शर्मा, प्रमिला तोमर, रघुराज परमार, रामबरन सिंह पायथा, विमलेश यादव, डॉ हरेंद्र तोमर, रामावतार सिंह चंबल, डॉ सुधीर आचार्य, जगदीश शर्मा, सतंजय मिश्रा, धर्म सिंह तोमर, बिहारी सिंह तोमर, जगेंद्र जादौन, भोलेराम शर्मा, पंकज शर्मा, कमलेश शर्मा, जगमोहन सेमिल, तिलक सिंह, रूप सिंह, भुवनेश्वर यादव, कुलदीप कुलश्रेष्ठ, नरेंद्र सिकरवार, मुकेश प्रजापति आदि शामिल हैं।

घाटों के आसपास के क्षेत्र में धारा 163 का आदेश पुनः जारी किया जाये - कलेक्टर

मुरैना,कांस। घाटों के आसपास के क्षेत्र में धारा 163 का आदेश पुनः जारी किया जाये, वन विभाग अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाही करने के लिये पुलिस की सहायता लें। राजघाट से अलावेली पर बड़े-बड़े बेरिकेट लगाकर रास्तों को अवरूद्ध किया जाये। खनिज विभाग ड्रोन लोगबुक को संधारित करके रखें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मंगलवार को जिला टास्क फोर्स समिति की अध्यक्षता करते हुये दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, वनमंडलाधिकारी श्री सुरजीत आर पटेल, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, खनिज अधिकारी श्री सुखदेव निर्मल, अधीक्षक राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य देवरी श्री श्याम सिंह चौहान उपस्थित थे। समिति में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें कलेक्टर ने राजघाट से अलावेली तक रास्ता अवरूद्ध करने, जिससे अवैध वाहनों को जाने से रोका जा सके, के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन विभाग को जो अतिरिक्त कंपनी मिली है, उनकी फोर्स के ज्यादा से ज्यादा जवान राजघाट पर तैनात किये जायें। कलेक्टर ने ड्रोन ट्रेकिंग की लॉगबुक संधारित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अलावेली के पीछे घाट के रास्ते को बंद करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि घाट के पहले बड़े मैदान को समतल करवाया जाये। कलेक्टर ने 06 घाटों चिन्नोनी, देवगढ़, झुण्डपुरा, राजघाट, हरिगिरी, भानपुरा पर फोर्स द्वारा कार्रवाही करने के निर्देश दिये।

विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 18 जून को

मुरैना,कांस। शासन के निर्देशानुसार समस्त विभागों के संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 18 जून को कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में अपरान्ह 03 बजे कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में कर्मचारियों के हितो के संबंध में की गई कार्यवाही एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी सहित अनिवार्यतः नियत स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किये गये है। बैठक संबंधी एजेण्डानुसार जानकारी 13 जून तक अपर कलेक्टर कार्यालय में भेजने का पत्र जारी किया गया है।

सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में होगा 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश : मुख्यमंत्री

छोटे निवेशक होंगे लाभान्वित, किसान भी बनेंगे निवेशक

मध्यप्रदेश के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में चल रही है मेट्रो ट्रेन

प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में हुई है अभूतपूर्व प्रगति

पड़ौसी राज्यों के साथ मिलकर 6-6 महीने के लिए शुरू किए जाएंगे सोलर प्रोजेक्ट

बड़े पैमाने पर सोलर तथा पवन ऊर्जा का हो रहा है उत्पादन

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश में वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट तक सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के स्वप्न को साकार करने में मध्यप्रदेश शत-प्रतिशत योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट में देश एवं प्रदेश के 350 से अधिक निवेशकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। सभी के उत्साह का ही परिणाम है कि योजना में 20 हजार करोड़ से अधिक राशि का निवेश होना संभावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में %सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना% समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल एक्सपर्ट एवं जेआईजेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री बर्नार्ड क्रूजबर को तकनीकी सहयोग के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। प्रदेश में सोलर तथा पवन ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। मध्यप्रदेश के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है और कई घरों को बिजली मिल रही है। निकट भविष्य में पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर 6-6 महीने बिजली उपलब्धता के लिए सोलर प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में राज्यों के बीच सौहार्द्र का वातावरण बना है। मध्यप्रदेश ने उत्तरप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के साथ नदी जोड़ो परियोजनाएं शुरू की हैं। ऊर्जा उत्पादन में नागरिकों को जोड़कर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूर्य अनंत ऊर्जा का भंडार है। सूर्य देव हमारे सौरमंडल में ऊर्जा के प्रमुख केंद्र हैं। ऋषि-मुनियों ने बताया है कि सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। प्रकाश से ही जीवन मिलता है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं जनसुनवाई में 126 आवेदन प्राप्त हुए

भोपाल ब्यूरो।

कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 126 आवेदन प्राप्त हुए एवं कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस मौके पर एडीएम श्री भूपेन्द्र गोयल, श्री अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारी समग्र आईडी में शीघ्र केवाईसी करायें: जौहरी

ग्वालियर कांस। अनुसार वरिष्ठ समाजसेवी ओर राष्ट्रीय शसक्त आत्मनिर्भर ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय सलाहकार अनूप जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम जनकल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी से पेंशन हित ग्राहियों में विकलांग, वृद्ध, विधवा एवं परित्यागता निराश्रित अपनी परिवार समग्र आई डी में आपके परिवार के जितने भी सदस्य है उन सभी के एवं अपने स्वयं के आधार कार्ड को समग्र आईडी में , अपने क्षेत्र के वार्ड में , या एमपी ऑन लाइन, एवं अपने क्षेत्र के लोक सेवा केन्द्र में जाकर केवाईसी नि:शुल्क शीघ्र करवायें अन्यथा आपकी पेंशन एवं राशन बन्द हो जायगा भविष्य में होने वाली परेशानी से बचने के लिए शीघ्र ही केवाईसी करायें इसके अलावा जिस बैंक में आपकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन आती है, अपनी अपनी बेंक में भी जाकर केवाईसी शीघ्र करवायें अन्यथा केवाईसी नहीं कराने की स्थिति में बैंक भी आपको भुगतान नहीं करेगी। जिन पेंशन हित ग्राहियों ने अपनी केवाईसी समग्र आई डी में कराली है ।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 19 जून को आएंगी मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री

विश्व सिकल सेल दिवस पर बड़वानी जिले की ग्राम पंचायत तालून में होगा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले की मंत्रीगण से चर्चा

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का आगामी 19 जून को मध्यप्रदेश आगमन प्रस्तावित है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु विश्व सिकल सेल दिवस पर बड़वानी जिले की ग्राम पंचायत तालून में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में शासकीय सेवकों के स्थानांतरण अब 17 जून तक किए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के संबंध में मंत्रीगण से विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मंत्रि-परिषद प्रसन्नता व्यक्त करती है। सुशासन के संकल्प के प्रति मंत्रि-परिषद प्रधानमंत्री का अभिनंदन का प्रस्ताव पारित करती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अन्नदाता, नारी, युवा और गरीब सहित विभिन्न वर्गों का जीवन बदलने के लिए और उन्हें अधिक से अधिक रोजगार एवं विकास के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस अवधि में केंद्र सरकार द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

सभी मंत्रीगण केंद्र की 11 वर्ष की योजनाओं की उपलब्धियां और मध्यप्रदेश शासन की डेढ़ वर्ष की उपलब्धियां नागरिकों तक पहुंचाएंगे। इस संबंध में संकल्प से सिद्धि अभियान भी संचालित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों को दायित्व सौंपे जाएंगे।

स्पिरिचुअल एवं वैलनेस समिट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि गत 5 जून को उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वैलनेस समिट का आयोजन हुआ, जिसमें स्वामी चिदानंद सरस्वती सहित अनेक वैलनेस के क्षेत्र में कार्य कर रहे आध्यात्मिक गुरुओं ने हिस्सा लिया।

समस्यायें शीघ्र हल न होने पर ऊर्जा मंत्री को महिलायें पहनाएंगी चूडियां, गली-गली में जलाए जायेंगे पूतले: विधायक डॉ. सिकरवार

- कांग्रेस के धरने में हजारों का उमड़ा जनसैलाब, मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

ग्वालियर। शहर में हो रही बेतहाशा अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली विभाग से जुडी अन्य समस्याओं को लेकर आज बिजली विभाग के मुख्य कार्यालय रोशनी घर पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में जंगी धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें हजारों महिला-पुरूष शामिल हुये। साथ ही इस दौरान 10 सूत्रीय समस्यायुक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अधीक्षण यंत्री बिजली विभाग नितिन मांगलिक को कांग्रेसजनों द्वारा सौंपा गया। विधायक डॉ. सिकरवार ने धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुये ऐलान किया कि अगर अतिशीघ्र ज्ञापन में उल्लेखित समस्याओं को समाधान नहीं किया गया तो 50 हजार महिला-पुरूषों के साथ ऊर्जा मंत्री के निवास पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा और गली-गली में पुतले जलाये जायेंगे। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी, मलिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, जीतू पटवारी एवं उमंग सिंघार के जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। धरने पर बैठे लोग ऊर्जा मंत्री होश में आओं, बिजली समस्या हल कराओं के नारे लिखी तख्तियां लिये हुये थे। विधायक डॉ. सिकरवार ने धरना प्रदर्शन में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुये कहा कि गरीबों को बढे हुये बिजली के बिल भेजे जा रहे है और मंत्री जी पार्क में टेंट लगाकर सो रहे हैं। आखिर वे कब तक इस तरह की नौटंकी और ड्रामा करते रहेंगे। टेंट में सारी सुविधायें उपलब्ध है, जिसमें वह सरकारी धन का दुरपयोग कर अधिकारियों-कर्मचारियों को भी परेशान कर रहें है, ये सब हाथों पर हाथ रखे खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री जी जब विपक्ष में थे तब नसेनी कंधे पर रखकर चलते थे और बिजली के तार जोड़ते थे। मगर आज सत्ता में इतने मद-मस्त हैं कि लोगों के बिजली कनेक्शन कटवा रहे हैं।

परिवार की रक्षा के लिए साहस और दृढ़ता से सामना करना चाहिए: पंडित सतीशचंद

कथा के पांचवें दिन भगवान कृष्ण की तमाम लीलाओं का किया वर्णन, श्रद्धालु हुए मंत्र मुग्ध

मुरैना,कांस। श्री श्री 1008 दुर्जन बाबा मंदिर ग्राम डोंगरपुर किरार मैं आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन पंडित सतीश चंद्र पाराशर ने संगीतम वाणी से कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान को भी अपने परिवार की रक्षा के लिए गोकुल छोड़ना पड़ा द्य परिवार की रक्षा के लिए साहस और दृढ़ता से सामना करना चाहिए, यह बात भगवान श्री कृष्ण ने चरितार्थ की है। उन्होंने मंगलवार को पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी लीला, गोकुल त्याग लीला, वृंदावन लीला, गिरिराज पूजन एवं 56 भोग दर्शन की कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया द्य श्री पाराशर ने बताया कि पूतना वध की कथा श्री कृष्ण के बाललीला के सबसे महत्वपूर्ण अंशों में से एक है। कंस ने पूतना को, जो एक राक्षसी थी, को बाल कृष्ण को मारने के लिए भेजा था। पूतना ने सुंदर स्त्री का रूप धारण किया और गोकुल में कृष्ण को ढूंढ निकाला। उसने कृष्ण को दुग्धपान कराया, लेकिन कृष्ण ने पूतना के असली रूप को पहचान लिया और पूतना को मार डाला द्यश्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में माखन चोरी की लीला सुप्रसिध्द है। वैसे तो कान्हा ग्वालिनों के घरो में जाकर माखन चुराकर खाया करते थे, लेकिन आज उन्होंने अपने ही घर में माखन चोरी की और यशोदा मैया ने उन्हें देख लिया। सूरदासजी ने श्रीकृष्ण की चतुराई का जिस प्रकार वर्णन किया है, वैसा कही नहीं मिलता। गोकुल त्याग लीला कृष्ण के जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना है, जो बताती है कि कंस के अत्याचारों से बचने के लिए कृष्ण और उनका परिवार गोकुल को छोड़ वृंदावन चले गए। यह लीला कृष्ण की बाल लीलाओं में से एक है और उनकी दृढ़ता और जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है। श्री पाराशर ने बताया कि कंस के डर से वासुदेव ने नवजात कृष्ण को यमुना नदी पार गोकुल में यशोदा के यहाँ पहुँचाया था। कृष्ण ने गोकुल में कुछ समय बिताया, जहां उन्होंने कई बाल लीलाएं कीं। बाद में, कंस के अत्याचारों से डरकर और कृष्ण के परिवार की सुरक्षा के लिए, वासुदेव और यशोदा ने गोकुल को छोड़ वृंदावन में बसने का फैसला किया। गोकुल त्याग लीला कृष्ण के जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना है, क्योंकि यह उनकी दृढ़ता, जिम्मेदारी की भावना और कंस के अत्याचारों से डरने की बात को रेखांकित करती है। यह दर्शाता है कि कृष्ण ने अपने माता-पिता और परिवार की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया। गोकुल त्याग लीला हमें यह सिखाती है कि हमें हमेशा अपने परिवार की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए और मुश्किल समय में भी साहस और दृढ़ता से सामना करना चाहिए। यह हमें सिखाती है कि हमें हमेशा न्याय और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। गोवर्धन पूजा का रसपान कराते हुए कहा कि इंद्र देव के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाया और सात दिन तक ब्रजवासियों को उसकी छाया में शरण दी।

यह लीला गोवर्धन पूजा के रूप में मनाई जाती है, जिसमें भगवान कृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है और गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है द्य श्री पाराशर ने बताया कि जब भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था, तो उन्होंने 7 दिनों तक कुछ नहीं खाया था द्य फिर ब्रजवासियों और यशोदा ने अपनी कृतज्ञता के रूप में 56 विभिन्न प्रकार के भोगों का प्रसाद चढ़ाया, जिससे 56 भोग की परंपरा शुरू हुई।

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांक: झाँसी/एस/108/प्रेरा विज्ञप्ति — दिनांक: 09.06.2025

सार्वजनिक अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मंडल के बरुआसागर-टेहरका खंड के 2" लाइन विद्युतीकरण के सम्बंध में दिनांक 11.06.2025 को PCEE/NCR का निरीक्षण एवं 12.06.2025 तथा 13.06.2025 को रेल सुरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ द्वारा इस खंड में निरीक्षण एवं गति परीक्षण निरीक्षण के पश्चात् इस खंड की 2" लाइन का विद्युतीकरण रांचालित कर दिया जाएगा। आस पास के सभी नागरिकों से अनुरोध है की विद्युत के तार और खम्भों से दूर रहे, रेल लाइन के आस-पास न बैठे, और न ही अनाधिकृत रूप से पार करें एवं अपने मवेशियों को रेल पटरी से दूर रखें। ऐसा करना रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है और इसके लिये जुर्माना व जेल दोनों हो सकते हैं।

वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी
उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी

1005/25 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं JHS/Comm/e-Auction/25/109 — दिनांक - 09.06.2025

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आयोजित की जाती है-

श्रेणी	प्रस्तुत विवरण	ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय
श्रेणी : चारा	1. ट्रेन संख्या - 22547 में 01 एसएसडब्ल्यू-एफ-1. 2. ट्रेन संख्या - 12198 में 01 एसएसडब्ल्यू-एफ-1. 3. ट्रेन संख्या - 12049 में 01 एसएसडब्ल्यू-एफ-1. 4. ट्रेन संख्या - 12279 में 01 एसएसडब्ल्यू-एफ-1. 5. ट्रेन संख्या - 22198 में 01 एसएसडब्ल्यू-एफ-1. 6. ट्रेन संख्या - 22183 में 01 एसएसडब्ल्यू-एफ-1. 7. ट्रेन संख्या - 12520 में 01 एसएसडब्ल्यू-एफ-1. 8. ट्रेन संख्या - 11107 में 02 एसएसडब्ल्यू-एफ-1.	दिनांक-23.06.2025 को समय-11:00 से
केटलोग संख्या : JHS-I / ASING-39		ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक-23.06.2025 को समय-12:00 तक

नोट : उक्त सेवों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है।

999/25 (C)

IR CPRONCR | North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर नोटिस नं.- 09/2025 — दिनांक- 09.06.2025

ई-निविदा सूचना

उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा ऑनलाइन मोड पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-24

कार्य का नाम: डेवलपमेंट ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर सिस्टम की पांच वर्ष की अवधि के लिए आगरा मंडल के चयनित स्टेशनों पर सफाई कार्य का व्यापक वार्षिक रखरखाव उपलब्ध कराना।

कार्य की लागत: ₹61,00,000.20 | निविदा बन्द दिनांक: 04.07.2025

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। निविदाकार अपनी निविदा अपलोड दर्शित दिनांक को 15.00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के अन्तर्गत प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्राप्त प्रस्तुत निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

997/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

मरीजों व तीमारदारों की सुविधा के लिए मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में की गई विशेष व्यवस्थाएं

अलीगढ़ ब्यूरो।

गर्मी के मौसम में मरीजों व उनके साथ आए तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में व्यापक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 जगवीर सिंह वर्मा द्वारा दी गई है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ जगवीर सिंह वर्मा ने बताया कि चिकित्सालय परिसर में विभिन्न स्थलों पर शीतल जल की उपलब्धता, छांव में बैठने की समुचित व्यवस्था व ठंडी हवा के लिए पंखों व कूलर की व्यवस्था की गई है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड अनुभाग में आने वाले मरीजों को भी विशेष सुविधा दी जा रही है। पर्चे एकत्र कर मरीजों को क्रम से बुलाया जाता है, जिससे लाइन में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनके लिए भी ठंडे पेयजल, छायादार प्रतीक्षालय व कूलर व पंखों की पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि पर्चा काउंटर, सभी ओपीडी कक्षों, दवा वितरण केंद्र, पैथोलॉजी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड एवं आकस्मिक अनुभाग के समीप भी मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए शीतल जल, बैठने व ठंडी हवा की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल प्रशासन जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और आने वाले समय में मरीजों के हित में अन्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

ग्वालियर स्टेशन पर यूनीफाइड पेंशन स्कीम जागरुकता शिविर आयोजित

ग्वालियर,नसं.।

मंडल रेल प्रबंधक महोदय के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं मंडल कार्मिक कार्मिक अधिकारी अरुण सिंह तोमर के दिशानिर्देशों में तथा कार्मिक एवं लेखा शाखा के समन्वय से ग्वालियर स्टेशन पर यूनीफाइड पेंशन स्कीम जागरुकता शिविर आयोजित किया गया । कैरिज एन्ड वैगन एवं ई.टी. एल अनुभाग हेतु कैरिज एन्ड वैगन सभागार में प्रातः 10.30 बजे से जागरुकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 80 कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। दोपहर 3 बजे से ड्राइवर-गार्ड लौबी पर जागरुकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 40 कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। जागरुकता शिविर के दौरान 115 कर्मचारियों को विस्तार से यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे जानकारी प्रदान की गई तथा कर्मचारियों के मध्य यूनीफाइड पेंशन स्कीम के सम्बंध में विध्यमान प्रचलित मिथकों को दूर करने का प्रयास किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.- JHS/Commercial/e-Auction/2025/110 — दिनांक - 09.06.2025

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आयोजित की जाती है:-

श्रेणी	केटलोग संख्या	प्रस्तुत विवरण
पेपर पुल	JHS PAYUSE 23	झाँसी मंडल के ओरछा, [illegible], [illegible], [illegible] आदि स्टेशनों पर पेपर पुल [illegible] का संचालन एवं रखरखाव।

ई-नीलामी मान्य होने की तिथि व समय : दिनांक 23.06.2025 को समय- 11:00 से

ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 23.06.2025 को समय- 12:20 तक

नोट: उक्त सेवों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है।

998/25 (MC)

North central railways | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में आगरा-पलवल सेक्शन में किमी. 1418/08-10 पर समपार (फाटक) संख्या 538 (सिखाना-ताजगंजपुर रोड) दिनांक 12.06.2025 से रेल फाटक ओवर ब्रिज कार्य के लिए बंद किया जा रहा है और समपार संख्या 538 से गुजरने वाले ट्रैफिक को रेलवे समपार (फाटक) संख्या 537 एवं समपार (फाटक) संख्या 539 के रास्ते से डाईवर्ट किया जाना है। जन-साधारण से अनुरोध है कि उक्त कार्य में सहयोग प्रदान करें।

1012/25(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।